Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



पीएम मोदी ने वेंकैया नायडू की पुस्तकों का किया .....01

कांग्रेस-शिवसेना और एनसीपीएसपी मिलकर लड़ेंगे.......06

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

वर्ष: 01 अंक: 353 | बदायूं, रविवार 30 जून 2024 | पृष्ठ- 06 | मूल्य- 4.00 रूपये

## पीएम मोदी ने नायडू के जीवन पर आधारित पुस्तकों का किया विमोचन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्व उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू के जीवन पर आधारित तीन पुस्तकों को विमोचन किया। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए इन पुस्तकों का विमोचन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने आपातकाल के काले अध्याय को याद किया और कांग्रेस को निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री ने वेंकैया नायडू की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी जीवनी लोगों को प्रेरित करेगी।



प्रधानमंत्री ने पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी श्वेंकैया नायडू - सेवा में जीवन, भारत का जश्न - भारत के 13वें उपराष्ट्रपति के रूप में श्री एम वेंकैया नायडू का मिशन और संदेश, महानता - श्री एम वेंकैया नायडू का जीवन और यात्रा का विमोचन किया। हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम में वेंकैया नायडू, कई अन्य नेता और प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। किताबों के विमोचन के बाद अपने संबोधन में कहा, कल 1 जुलाई को वेंकैया नायडू की जीवन यात्रा के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। ये 75 वर्ष असाधारण उपलब्धियों के रहे हैं। मुझे खुशी है कि आज मुझे उनकी जीवनी के साथ-साथ दो और पुस्तकों का विमोचन करने का अवसर मिला है। मेरा मानना है कि ये पुस्तकें लोगों को प्रेरित करेंगी और उन्हें राष्ट्र सेवा की सही दिशा दिखाएंगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को याद करते एक बार फिर कांग्रेस पर हमला बोला उन्होंने कहा, कांग्रेस के संविधान की प्रतिष्ठा को धूमिल करके लगाए गए आपातकाल को 50 वर्ष हो गए हैं। वेंकैया जी आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों में से थे और उस समय वेंकैया जी लगभग 17 महीने जेल में रहे थे। मैं उन्हें अपना सच्चा साथी मानता हूं, जिनकी आपातकाल की अग्नि में परीक्षा हुई। प्रधानमंत्री ने कहा, सत्ता सुख का साधन नहीं बल्कि सेवा और संकल्पों की सिद्धि का माध्यम है। वेंकैया जी ने यह तब भी साबित कर दिया था, जब उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में शामिल होने का अवसर मिला। वेंकैया जानते थे कि उन्हें कोई भी मंत्रालय मिलेगा, जो वे चाहते हैं, लेकिन उन्होंने आगे बढ़कर कहा कि अगर मुझे ग्रामीण विकास मंत्रालय दिया जाए तो अच्छा रहेगा। नायडू जी गांव, गरीब और किसानों की सेवा करना चाहते थे। वे भारत के एकमात्र मंत्री थे, जिन्होंने अटल जी के समय ग्रामीण विकास के लिए काम किया और शहरी विकास मंत्री के रूप में कैबिनेट में एक वरिष्ठ साथी के रूप में हमारे साथ काम किया।श् प्रधानमंत्री ने नायडू के साथ आपातकाल के समय 17 महीने जेल में रहने का भी जिक्र किया।

## कांग्रेस बोली- 50 फीसदी से अधिक हो आरक्षण की सीमा

### संसद को पारित करना चाहिए यह कानून

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि संसद को एक कानून पारित करना चाहिए, ताकि आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से अधिक हो सके। विपक्षी पार्टी की ओर से यह बयान तब सामने आया है, जब एक दिन पहले जद (यू) ने बिहार में आरक्षण की सीमा को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की।



जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शनिवार को बैठक हुई। जिसमें पार्टी ने उच्च न्यायालय के हालिया उस फैसले पर चिंता जताई। जिसमें बिहार सरकार के अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी कर दी गई। बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया गया। जिसमें जदयू ने भाजपा के नेतृतत्व वाली केंद्र सरकार से राज्य के कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने का अनुरोध किया, ताकि उसकी न्यायिक समीक्षा की संभावना खारिज की जा सके।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी पार्टी कहती रही है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण से जुड़े राज्य के सभी कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है कि जद (यू) ने कल पटना में यही मांग उठाई है। लेकिन उसकी सहयोगी भाजपा राज्य और केंद्र दोनों जगह इस मामले पर पूरी तरह चुप है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, आरक्षण कानूनों को 50 फीसदी की सीमा से परे नौवीं अनुसूची में लाना भी कोई समाधान नहीं है, क्योंकि 2007 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार ऐसे कानून न्यायिक समीक्षा के अधीन हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए संविधान संशोधन कानून की जरूरत है। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में संसद के पास एकमात्र रास्ता यह है कि वह संविधान संशोधन विधेयक पारित करे, जिससे एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण 50 फीसदी से ज्यादा हो सके।

## एक नजर

### दिल्ली सरकार का बड़ा एलान, डूबने वालों के परिजनों को मिलेगा 10 लाख रुपये मुआवजा



**दिल्ली।** सरकार ने बारिश से डूबने वालों के लिए मुआवजे को लेकर एक बड़ा एलान किया है। 28 जून को अत्यधिक बारिश हुई, जिससे राजधानी के अलग-अलग इलाकों में पानी भर गया। इस दौरान पानी में डूबकर कुछ लोगों की मौत हो गई। सरकार ने अब मृतकों के परिजनों को मुआवजे के रूप में 10 लाख रुपये देने की घोषणा की है। दिल्ली सरकार में जलमंत्री आतिशी ने एसीएस राजस्व को क्षेत्र के अस्पतालों और दिल्ली पुलिस के सहयोग से जान गंवाने वालों की पहचान करने और जीएनसीटीडी की ओर से उन्हें तुरंत उपरोक्त मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया।

## यूपी में पुरानी पेंशन: कर्मचारियों के पास 31 अक्तूबर तक पेंशन विकल्प चुनने का मौका

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प 31 अक्तूबर 2024 तक दिया है। मंगलवार को कैबिनेट ने 28 मार्च 2005 से पहले प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर सरकारी नौकरी पाने वालों को पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनने के अवसर के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया था। इससे करीब 50 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे।





यूपी सरकार ने 28 मार्च 2005 को यह प्रावधान किया था कि एक अप्रैल 2005 या उसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के दायरे में होंगे। यह प्रावधान राज्य सरकार के कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया।

तमाम ऐसे शिक्षक और कार्मिक हैं, जिनकी नियुक्ति एक अप्रैल 2005 को या उसके बाद हुई लेकिन उस नौकरी का विज्ञापन 28 मार्च 2005 से पहले निकला था। ये कर्मी लंबे समय से पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) का लाभ देने की मांग कर रहे थे। केंद्र सरकार इस तरह के कर्मियों को पहले ही यह सुविधा दे चुकी है।

कैबिनेट से अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार ऐसे कार्मिक जिनकी नियुक्ति एक अप्रैल 2005 को या उसके बाद हुई है लेकिन नियुक्ति के लिए पद का विज्ञापन एनपीएस लागू किए जाने संबंधी अधिसूचना जारी होने की तिथि 28 मार्च 2005 से पूर्व प्रकाशित हो चुका था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना का एक बार विकल्प उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है। शनिवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने शासनादेश जारी कर दिया। कर्मचारी उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनीफिट्स रूल्स 1961 के अधीन कवर किए जाने की शर्तों को पूरा करता है तो प्रशासकीय विभाग के अनुमोदन के बाद इस संबंध में एक आदेश नियुक्ति अधिकारी जारी करेगा।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का विवादास्पद बयान, भगवान जगन्नाथ से की सीएम मोहन माझी की तुलना

**नई दिल्ली।** ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए गए एक सम्मान समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री और दो मंत्रियों की तुलना भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा से की।



आपको बता दें कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में ओडिशा में भाजपा के 78 विधायकों और 20 सांसदों ने जीत हासिल की है। इस वजह से राज्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा 'ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और दो उप मुख्यमंत्री के वी सिंह देव और पार्वती पारिदा भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की तरह हैं। इन सभी के कंधों पर राज्य के विकास की जिम्मेदारी है।' केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि नया ओडिशा विकसित भारत के सपने को सच करने में मदद करेगा।

इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ओडिशा को अगले पांच वर्षों में भारतीय रेल द्वारा बड़ी सौगातें दी जाएंगीं। वैष्णव का कहना है कि अगले पांच वर्षों में ओडिशा में एक लाख करोड़ की रेल परियोजनाओं पर काम किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बीजू जनता दल (बीजद) पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजद सरकार ने ओडिशा में रेल के क्षेत्र में विकास पर कभी ध्यान नहीं दिया। अब राज्य में और केंद्र में भाजपा और बीजद की डबल इंजन सरकार है।

## मनोज कुमार सिंह बने प्रदेश के नए मुख्य सचिव, संभाला कार्यभार

**लखनऊ।** 1988 बैच के आईएएस अफसर मनोज कुमार सिंह यूपी के मुख्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने शाम करीब चार बजे अपने कार्यालय में पद भार संभाल लिया है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही थी कि दुर्गा शंकर मिश्रा को एक बार और सेवा विस्तार मिल सकता है। कयास के उलट मनोज कुमार सिंह प्रदेश के मुख्य सचिव बनाए गए। रविवार दोपहर वह अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। मनोज कुमार सिंह मुख्य सचिव और दोनों होंगे। मनोज कुमार सिंह 1987 बैच के अरुण सिंघल, इसी बैच की लीना नंदन और 1988 बैच के रजनीश दुबे को सुपरसीड करके मुख्य सचिव बनाए गए हैं। अरुण सिंघल और लीना नंदन केंद्रीय नियुक्ति पर हैं, जबकि रजनीश दुबे राजस्व परिषद के अध्यक्ष हैं।

मनोज कुमार सिंह 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफी भरोसेमंद माने जाते हैं। यही वजह है कि पिछले काफी समय से कृषि उत्पादन आयुक्त और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे थे।

## बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें, 18 राज्यों में चार दिन के लिए अलर्ट

**नई दिल्ली।** पंजाब, हिमाचल प्रदेश और यूपी व उत्तराखंड समेत कई राज्यों में भारी बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पहाड़ी राज्यों में जहां बारिश के चलते भूस्खलन से सड़कें बंद हैं, वहीं मैदानी राज्यों में सड़कों पर पानी भर गया है। अरुणाचल प्रदेश में टेलीफोन की लाइनें टूट गई हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली समेत उत्तर पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अगले चार दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में दो दिन में वर्षाजनित घटनाओं में 11 लोगों की जान जा चुकी है।

मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर-पूर्व राजस्थान, पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी यूपी के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण की स्थिति है। इसके कारण हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश हुई। मानसून पूर्वी और पश्चिमी यूपी में कुछ और क्षेत्रों में आगे बढ़ा है और दो-तीन दिन में पूरे देश में पहुंच जाएगा। असम समेत पूर्वोत्तर के सभी राज्यों, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और प. बंगाल के कुछ हिस्सों, केरल, तमिलनाडु में भी भारी बारिश हो रही है। महाराष्ट्र में दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौसम विभाग ने 3 जुलाई तक इन राज्यों में भारी बारिश की संभावना जताई है। दिल्ली में अगले सात दिनों तक आंधी-तूफान के साथ मध्यम से भारी बारिश का पूर्वानुमान है।



हरिद्वार में रविवार को भारी बारिश के चलते खड़खड़ी नदी में अचानक बाढ़ आ गई और कई कारें बह गईं। नदी का पानी घरों में भी घुस गया और सड़कें जलमग्न हो गईं। बरसाती खड़खड़ी नदी आमतौर पर सूखी रहती है, लोग प्रायरू गाड़ियां नदी किनारे खड़ी कर देते हैं। गनीमत रही कि गाड़ियों में कोई बैठा नहीं था, इसलिए जनहानि नहीं हुई। दिल्ली हवाईअड्डे की तरह राजकोट हवाईअड्डे पर भी शनिवार को यात्रियों के पिकअप व ड्रॉप वाले क्षेत्र में शेड (कैनोपी) गिर गया। तीन दिन में इस तरह का यह तीसरा हादसा है।

## अनुप्रिया पटेल पर अखिलेश का तंज, बोले- पत्र लिखकर किया जा रहा बीजेपी का बचाव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा पर हमला बोला। कहा कि भाजपा आरक्षण के साथ खिलवाड़ कर रही है। जब से भाजपा सरकार आई है तब उनका हर फैसला आरक्षण की मूल भावना के खिलाफहै। जातीय गणना कराकर आबादी के हिसाब से सबका सम्मान हो यही संविधान कहता है। यही बात बाबा साहेब, लोहिया जी समेत नेताजी चाहते थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के ओबीसी को लेकर मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र पर तंज कसा। कहा, जो लोग आज पत्र लिख रहे हैं वह भाजपा का बचाव कर रहे हैं। रविवार दोपहर भरथना में दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव के पौत्र आर्यन के शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे अखिलेश ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि दिल्ली व वाराणसी विश्वविद्यालय के नौकरी के आंकड़े निकालें तो पीडीए परिवार के लोग 15 प्रतिशत से ज्यादा नहीं दिखाई देंगे। बोले-भाजपा सरकार परीक्षाओं से खिलवाड़ खुद करती है और अंगुली दूसरे पर उठाते है।

अमर भास्कर

आवश्यकता है-

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)

को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।

संपर्क करें:-

मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198

ऑफिस:-

निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601

www.amarbhashkar.com

Email- amarbhashkar21@gmail.com

# राकेश कुमार गुप्ता अलीगढ़ टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिले के टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी अर्जुन सक्सैना एडवोकेट द्वारा शपथ दिलाई गई। टैक्स बार एसोसिएशन के सत्र २०२४-25 में सभी पदाधिकारी पदों

वहा पर एक-एक और कार्यकारिणी सदस्य पर 6 नामांकन पत्र भरे गए। इस प्रकार सभी पदों पर सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध चुने गए। जिसमे अध्यक्ष पद पर राकेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, उपाध्यक्ष पद पर नवीन कुमार सक्सेना एडवोकेट, महासचिव पद पर मणिकांत वार्ष्णेय एडवोकेट, सचिव पद पर विवेक वार्ष्णेय एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद पर अंशुल शर्मा एडवोकेट, ऑडिटर पद पर कपिलतोष मिश्रा एडवोकेट और कार्यकारिणी सदस्य में केशव देव शर्मा एडवोकेट, राजीव कुमार एडवोकेट, मुकेश सक्सेना एडवोकेट, निकुंज माथुर एडवोकेट, संदर्भ पंडित एडवोकेट, मनोज गुप्ता एडवोकेट इन सभी ने किया है, सत्र २०२४-25 में सभी पदाधिकारीगण और कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं।

शपथ समारोह रामघाट रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता एडवोकेट द्वारा कहा गया कि अधिवक्ताओं की समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।

नवनिर्वाचित महासचिव मणिकांत वार्ष्णेय एडवोकेट द्वारा कहा गया कि वह अपनी जिम्मेदारियों के साथ अधिक से अधिक अधिवक्ता के हित में कार्य किए जाने की कोशिश करेंगे। शपथ समारोह में लक्ष्मीनारायण वार्ष्णेय, किशोर कुमार, गिर्राज किशोर गुप्ता एमपी भारद्वाज, पूर्व अध्यक्ष रजमुकुट वार्ष्णेय यू पीटैक्स बार एसोसिएशन कन्वीनर संजीव कुमार महेश्वरी, मनु मिश्रा, नीरज अग्रवाल, सौरभ महेश्वरी, जुबेर खान, अनिल राज गुप्ता, सुदेश श्रीवास्तव, दीपक अग्रवाल, मनोज कुमार गुप्ता, दुर्गेश कुमार, सुदेश श्रीवास्तव, दीपक गोयल आदि मौजूद रहे।

## कमल गुप्ता बने व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का 21 वां वार्षिक चुनाव हुआ। जिसमें अलीगढ़ के कमल गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष व अंशुल तोमर प्रदेश युवा कमेटी में प्रदेश मंत्री बने। वहीं बनवारी लाल कंछल राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इस अवसर पर मुख्य चुनाव अधिकारी जसवंत सिंह बत्ता एवं प्रदेश महामंत्री रमेश अग्रहरि ने माला एवं अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया। कमल गुप्ता ने कहा कि अलीगढ़ जनपद की जिला ईकाई पूरी कर्मठता से व्यापारियों की सेवा में रहूंगा।

# जैन संतो को अलीगढ़ मे चातुर्मास हेतु हुआ भव्य मंगल प्रवेश



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष प्रधुम्न कुमार जैन, मंत्री विजय कुमार जैन सेठ संस, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन, संयोजक ज्ञानेंद्र कुमार जैन, मीडिया भारी मयंक जैन ने संयुक्त रूप मे बताया कि रविवार दिनांक ३० जून २०२४ प्रात: 8 बजे श्री स्वयंभू सागर महाराज एवं मुनि श्री अनुकरण सागर महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रबेश श्री लख्मीचंद पांड्या खंडेलवाल दि. जैन मंदिर ट्रस्ट मे हुआ।

मुनि गाज़ियाबाद से पद विहार करते हुए अलीगढ़ पहुँचे। सकल जैन समाज ने रामलीला ग्राउंड पर एकत्रित होकर बैंड-बाजे के साथ मुनिराज ससंघ की भव्य आगवानी की। मुनि श्री मसूदाबाद रोड, माल गौदाम, हाथरस अड्डा पद विहार करते हुए खिरनी गेट जैन मंदिर पहुँचे। भारी संख्या मे जैन समाज के महिला, पुरूष, बच्चे गले मे पंच रंगा पट्टिका, हाथों मे जैन ध्वज लेते हुए चल रहे। मुनि श्री १० वां चातुर्मास हेतु अलीगढ़ मे पधारे है।

यही 4 माह रहे कर अपनी त्याग, तपस्या कर अपने प्रवचनों से धर्म की गंगा अलीगढ़ मे बहाएंगे। शाम को गुरु भक्ति, आरती का आयोजन एवं गर्मियों की छुट्टियों में चल रहे बच्चों की धार्मिक पाठशाला का समापन एवं सभी बच्चों व शिक्षा देने वाली सभी महिलाओं को विजय कुमार जैन सेठ संस परिवार द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रवेश के समय मुख्य रूप से रवींद्र जैन, अजय कुमार जैन ,सतेंद्र जैन, कैलाश चन्द्र जैन, हरिकांत जैन, सत्यम जैन, लक्ष्य जैन, आरुष जैन, प्रशांत जैन, कुणाल जैन, अखिलेश जैन निशांत जैन, सवेंग जैन, सीनेश जैन व भारी संख्या मे पुरुष, महिला, बच्चे उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में बालक को गोली मारी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** खैर कोतवाली क्षेत्र के गांव पलाचांद में पुरानी रंजिश में हुई मारपीट और फायरिंग एक बालक के गोली लगने से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खैर कोतवाली क्षेत्र के गांव पलाचांद में बच्चों के विवाद में पुरानी रंजिश के शनिवार की देर शाम में अपने बडे भाई को बचाने आये 14 वर्षीय अवराज पुत्र इब्राहिम के पेट में गोली लग गयी। आनन-फानन में अवराज को परिजन खैर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे जेएन मेडकील कॉलेज भेज दिया है। घटना की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गयी।

## गंगाजल परियोजना से बनी पानी की टंकी धराशाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** जिले में रविवार को बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के पास गंगाजल परियोजना के तहत बना 2.5 लाख लीटर का ओवरहेड टैंक धराशाई हो गया। एक वर्ष पहले ही यह पानी की टंकी बनी थी। मलबे में दबकर दो लोगों की मौत हो गई।

जबकि 15 से अधिक लोग घायल हैं। अभी कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। दर्जन भर से अधिक वाहन भी मलबे में दबे हैं। रेस्कू जारी है।

घटना कृष्ण विहार कॉलोनी स्थित पार्क की शाम करीब 6 बजे की है। घटना से क्षेत्र में अपरातफरी मच गई। सूचना पर जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंचे।

उन्होंने मौके का जायजा लिया। कहा कि जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज होगा। संबंधित अधिकारी कार्रवाई



में जुटे हैं। बताया गया कि दो वर्ष पहले गंगाजल परियोजना के तहत टंकी बनी थी। लीकेज के कारण पिलर कमजोर हो गए थे।

लोगों ने इसकी शिकायत भी की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आगरा की फर्म ने जल निगम की देखरेख में छह करोड़ की लागत से यह टंकी बनाई थी। सीएम ने घटना की रिपोर्ट तलब की है।

# अवैध संबंधों के चलते रिक्शा चालक ने की थी गला काटकर महिला की हत्या




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी के चौकी ज्वालापुरी क्षेत्रांतर्गत पुराना छर्रा बस अड्डे के कूडे घर के पास एक अज्ञात महिला उम्र करीब 45 वर्ष का शव मिला था। पुलिस टीम द्वारा फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए। जिसके संबंध में अज्ञात में पंजीकृत किया गया।

29 जून .2०24 को पुलिस टीम द्वारा रिक्शा चालक हजारीलाल पुत्र अमर सिंह निवासी बसई काजी थाना सासनी जनपद हाथरस उम्र करीब 52 वर्ष हाल निवासी विष्णुपुरी में स्टेट बैंक वाली गली के घर पहुँचकर देखा तो वहां पर उक्त रिक्शा खड़ा था, जिसके बारे में पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि वह रिक्शा चलाकर अपना एवं परिवार का भरण पोषण करता है, पिछले करीब ३० वर्ष से यहां रहकर मकान की देखरेख व चौकीदारी का कार्य करता है। मेरी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है।

मृतका महिला के बारे में जानकारी करने पर बताया कि लॉकडाउन के दौरान रेलवे स्टेशन पर उससे मेरी मुलाकात हुई थी। मैं रोजाना उससे रेलवे स्टेशन पर मिलता था। मैं उससे बहुते प्यार करने लगा था। अब वह मुझसे झूठा दुष्कर्म का केस लगवानेकी धमकी देकर पैसा मांगती थी, कई बार रुपये दे भी दिए थे। पिछले हफ्ते मुझसे १० हजार रुपये की मांग कर रही थी लेकिन मैं उसे नहीं दे पा रहा था तो मैनें उसे ठिकाने लगाने की ठान ली। बृहस्पतिवार को मैं रेलवे स्टेशन से उस महिला को १० हजार रुपये चलकर देने के बहाने अपने रिक्शा में बैठाकर अपने किराए के मकान में ले आया था, यहाँ रात्रि में ही उसे गला घोटकर मार दिया था। शव को यहीं रखकर रसलगंज क्षेत्र से एक ड्रम लेकर आया था उसके बाद प्लास्टिक ड्रम में शव को रखने पर शव में उसमें फिट न होने पर मृतका का सिर चाकू से अलग कर दिया था तत्पश्चात शव को ड्रम में रखकर पुराना छर्रा बस अड्डा के पास कूडे वाली जगह के पास रखकर अपना रिक्शा लेकर वापस घर आ गया था।

# पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में भीड़ द्वारा मारे गए लखनौती के दो भाईयों के घर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल परिवार से मिला। परिवार को सांत्वना देते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरकार को पीड़ित परिवार एक-एक करोड़ का मुआवजा देना चाहिए। भाजपा सरकार युवाओं भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। एक तरफ मॉब लिंचिंग की घटनाएं हो रही हैं तो दूसरी तरफ पेपर लीक हो रहे हैं।

रविवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद इमरान मसूद ने प्रतिनिधि मंडल के साथ गांव लखनौती में मृतक चांद और उसके चचेरे भाई सद्दाम के परिवार से मिलकर सांत्वना दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की ओर से पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी। सरकार पीड़ित परिवार के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे। एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाए।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। पेपर लीक होने से छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। लोकसभा चुनाव में युवाओं ने भाजपा को सबक सिखाया है। आने वाले समय में देश की जनता भाजपा सरकार को अच्छी तरह सबक सिखाएगी। कहा कि राहुल गांधी को युवाओं और देश के भविष्य की चिंता है। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार इतनी निर्दयी है कि मृतकों के शवों को लाने के लिए वाहन भी उपलब्ध नहीं कराया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा उत्तर प्रदेश में कानून का राज खत्म हो चुका है। अब सरकार का प्रशासन पर भी कोई नियंत्रण नहीं रहा। प्रदेश में कांग्रेस समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर उपचुनाव लड़ेगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भीड़ द्वारा मारे गए सहारनपुर के गंगोह क्षेत्र के गांव लखनौती निवासी दो भाईयों के परिवार से मिलकर सांत्वना दी।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और 12 सदस्य प्रतिनिधि मंडल का देवबंद टोल प्लाजा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यहां प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई हैं। मॉब लिंचिंग की घटनाएं देश के लिए बड़ी चुनौती हैं। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। इस प्रकार की घटनाएं कानून और संविधान के लिए खतरा हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष संदीप राणा, गणेश शर्मा, तंजीम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

प्रतिनिधि मंडल में विधायक वीरेंद्र चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष विदित चौधरी, महासचिव अनिल यादव, अहमद हमीद, सचिव देवरंजन, जिलाध्यक्ष संदीप राणा, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, नोमान मसूद, संदीप चौधरी, हमजा मसूद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं, सुरक्षा को लेकर एसडीएम संगीता राघव, तहसीलदार जसमिंद्र सिंह व सीओ शशि प्रकाश शर्मा वहीं, सपा नेता फरहाद आलम गाडा ने जारी किए बयान में कहा कि अलीगढ़ और छत्तीसगढ़ में मॉब लिचिंग की घटनाएं हुई हैं।

## बैठकों को हल्के में ले रहा है प्रशासन: भूपेंद्र वार्ष्णेय



**अलीगढ़।** संयुक्त व्यापार मंडल अलीगढ़ की एक आवश्यक बैठक राधा मोहन मंदिर मामू भांजा में मुख्य संयोजक प्रदीप गंगा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हम सभी एकजुट रहकर इस बैठक रूपी प्रर्दशन को बैठक सभा में परिवर्तित कर हजारों की तादाद में आंदोलन करना होगा। तभी जाकर पुलिस प्रशासन हमारी मांगों पर अमल करेगा। संयोजक भूपेंद्र वार्ष्णेय ने कहा व्यापारियों के शांति पूर्ण रूप से हो रही। बैठकों को प्रशासन हल्के में ले रहा है, हमें बड़े संघर्ष के लिए मजबूर कर रहा है। मुख्य संयोजक प्रदीप गंगा ने कहा मामू भान्जा प्रकरण में सर्व प्रथम व्यापारी पक्ष द्वारा 112 नम्बर पर पुलिस को कॉल की थी। उस आधार पर प्रथम रिपोर्ट दर्ज व्यापारी पक्ष की होनी चाहिए थी, यही कानून भी है। लेकिन पुलिस द्वारा व्यापारी पक्ष की रिपोर्ट न लिखकर दूसरे पक्ष के दवाव में आकर गलत धाराओ में रिपोर्ट दर्ज कर हमारे छ व्यापारियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हमारे जनप्रतिनिधिओ की वार्ता के बावजूद भी प्रशासन ने गलत धारणाओं में की गई। एफआईआर निरस्त नहीं की है। आखिर किस धारणा के तहत पुलिस प्रशासन हमारे व्यापारियों को हत्या के जुर्म में फंसाकर जेल में रखना चाहता है। अब व्यापारी समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा तथा इसके विरोध में एक जनसभा 2 जुलाई को हीरालाल वारहसैनी कालेज जीटी पर शायं 5 बजे होगी। इसी तरह से यह आंदोलन निर्दोष व्यापारियों के रिहा न होने तक निरंतर चलता रहेगा। सभा में बड़े आंदोलन का निर्णय की भी घोषणा हो सकती है। अलीगढ़ से बढ़ी तादाद में व्यापारी लखनऊ जाकर भी विधान सभा पर धरना देगें। इस दौरान पीड़ित परिवार की महिलाएं, बच्चे और राजेश गर्ग, संजीव अग्रवाल, शिवकुमार पाठक, योगेश सरकार, प्रदीप वर्मा, मुकेश राजपूत, मुकेश वर्मा, नीरज यादव एडवोकेट, अनिल वसंल, लक्ष्मी नारायन लच्छो, मनीष वूल, वींरेंद्र सिंह, रामपाल आदि मौजूद रहे।

## लाइन लॉस रोकने के लिए उप खंड अधिकारी की जिम्मेदारी तय



**अलीगढ़।** जनपद में बिजली आपूर्ति सुधारने के लिए विभाग लगातार नए नए प्रयोग कर रहा है। अब उप खंड स्तर पर हाई लाइन लॉस फीडरों को फोकस करते हुए एसडीओ की जवाबदेही तय की जाएगी। इस दौरान एसडीओ अपने अपने क्षेत्र के ऐसे फीडरों को चिह्नित कर बिजली की हानि और चोरी रोकने के साथ ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरणों पर लगातार निगरानी रखेंगे। शहर के पुराने इलाकों और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की हानि अधिक हो रही है। अभी पूरी तरह सभी इलाकों में नई केबल नहीं बदली गई हैं। चोरी के कारण लाइन लास अधिक रहता है। इससे ट्रांसफार्मर और तारों पर ओवरलोड के कारण फुंकने की समस्या अधिक रहती है। गर्मी के दिन में यह समस्या अधिक बढ़ जाती है। फाल्ट सही होने में समय लगने से बिजली की कटौती का समय बढ़ जाता है। इससे नियमित उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ती है। उपभोक्ता प्रदर्शन करने पर भी मजबूर हो जाते हैं।

इस स्थिति से बचने के लिए उप खंड अधिकारी एसडीओ अपने क्षेत्र के हाई लाइन लॉस फीडर को चयनित कर उस पर पूरी नजर रखेंगे। अब तक जेई, लाइनमैन और पेट्रोलमैन के भरोसे यह व्यवस्था चल रही थी। इधर चीफइंजीनियर सुबोध कुमार शर्मा का कहना है कि लाइन लास रोकने के लिए एसडीओ की जिम्मेदारी तय की गई है। इससे बिजली व्यवस्था में सुधार आएगा।

## ऑल इंडिया रिपोर्ट्र्स एसोसिएशन की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**चंदौसी।** रविवार को कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र में रतनपुर स्थित पंचायत घर पर ऑल इंडिया रिपोर्ट्स एसोसिएशन (आईरा) की एक बैठक हुई। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। और संगठन को अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी साथियों से संगठित होकर कार्य करने को कहा गया। ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ठाकुर वीरेश कुमार ने कहा, कि अति शीघ्र ही संगठन का विस्तार कर सभी को जिम्मेदारियां दी जाएगी और संगठन पत्रकारों के हित के लिए कार्य करेगा। बैठक में वीरेश ठाकुर, अरविंद कुमार, अशोक कुमार, आशुतोष भारद्वाज, जरीफ अहमद आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

## ट्रकों और बसों के लिए चुकाना पढ़ेगा अधिक टोल टैक्स



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** सिवाया टोल प्लाजा पर छह व दस टायरा ट्रक के साथ बसों पर इस बार पांच रुपये टोल टैक्स बढ़ाया गया है। रविवार देर रात 12 बजे से नई दरें लागू कर दी गईं। नए शुल्क की सूची टोल पर लगा दी गई हैं। टैक्स बढ़ने पर कोई विवाद न हो इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

प्रतिवर्ष टोल टैक्स में वृद्धि को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को टोल अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव भेजा जाता है। एनएचएआई से अनुमति मिलने के बाद रविवार रात्रि 12 बजे से नई दरों को लागू कर दिया गया। टोल अधिकारियों ने इस बार छह व १० टायरा ट्रक और बसों पर पांच रुपये टैक्स वृद्धि करने को लेकर प्रस्ताव भेजा था। रविवार सुबह ही टोल प्लाजा पर नई दरों का बोर्ड सभी बूथों पर लगा दिया गया। इस बार टैक्स वृद्धि से लोकल व अन्य वाहन चालकों को दूर रखा गया। टोल अधिकारियों के अनुसार होलसेल प्राइज इंडेक्स पर आधारित महंगाई दर को देखते हुए लोकल वाहनों पर टैक्स में वृद्धि नहीं की गई, जिस कारण लाखों वाहन चालकों को फायदा मिलेगा। टोल मेंटेनेंस अधिकारी बृजेश सिंह का कहना है कि बस व छह और १० टायरा वाहनों पर पांच रुपये की वृद्धि की गई है। टोल पर नई दरों के बोर्ड सभी बूथों पर लगा दिए गए हैं। टोल पर सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया है।

# ग्राहक सेवा केंद्र से दो लाख रुपये लूटकर भागे कार सवार बदमाश

## दिनदहाड़े हुई वारदात से सनसनी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव कौल्हाई में रविवार सुबह करीब 11 बजे कार सवार बदमाश ग्राहक सेवा केंद्र से दो लाख रुपयों से भरा बैग उठाकर भाग गए। यह देखकर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक ने शोर मचाया लेकिन तब तक बदमाश मुजरिया थाने की ओर कार दौड़ा ले गए। सूचना पर एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एसएसपी ने मामले की जानकारी करते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर कलां निवासी विपिन कुमार सिंह कौल्हाई में बैंक ऑफ बड़ौदा का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। विपिन कुमार का कहना है कि रविवार सुबह करीब 11 बजे अपने ग्राहक सेवा केंद्र कौल्हाई आए थे। उन्होंने शटर उठाकर रुपयों से भरा बैग काउंटर पर रख दिया था। उनके बैग में करीब दो लाख रुपये रखे थे। वह बैग रखकर अंदर झाड़ू उठाने जा रहे थे। तभी बाहर खड़े कार सवार बदमाश उनका रुपयों से भरा बैग उठाकर भाग गए।

जब तक वह पीछे को मुड़े तब तक बदमाश कार में सवार हो चुके थे। उन्होंने तेजी में कार मुजरिया चौराहे की ओर दौड़ा दी। वह ग्राहक सेवा केंद्र से निकलकर शोर मचाते हुए बाहर के लिए भागे। तब कहीं आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई। उन्होंने तत्काल थाना पुलिस को सूचना दी, जिससे थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन शुरू कर दी गई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र के सामने कार काफी देर से खड़ी थी। ऐसा लग रहा था कि वह संचालक का इंतजार कर रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर दोपहर के समय एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, एसपी देहात राममोहन सिंह, सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह मौके पर पहुंच गए।

एसएसपी ने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक विपिन कुमार से मामले की जानकारी की। उन्होंने थाना पुलिस को निर्देश दिए हैं कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएं। यह हाईवे की घटना है। इसमें तत्काल कार्रवाई की जाएगी। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक ने पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उझानी में चोरों ने बैंक मित्र के घर से नकदी समेत जेवरात चुराए

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उझानी।** नगर की कृष्णा कॉलोनी में शनिवार रात चोरों ने बैंक मित्र संदीप गुप्ता के घर के ताले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने वाराणसी गए बैंक मित्र को पड़ोसियों से जब घटना का पता लगा तो उन्होंने वीडियो कॉल कर घर का हाल देखा। यह भी पता लगा कि उनके घर के पीछे गली में दो अन्य घरों में भी चोरी की कोशिश की गई।

प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के बैंक मित्र संदीप गुप्ता ने फोन पर बताया कि चोर उनके घर से दो लैपटॉप, एक एलईडी, दो फोन, सोने-चांदी के जेवरात और 60 हजार रुपये ले गए हैं। उन्होंने पड़ोसी के मोबाइल फोन पर वीडियो कॉल कर कमरों में बिखरे पड़े सामान को भी देखा। पड़ोसियों की सूचना के बाद दरोगा मनोज कुमार ने बैंक मित्र के घर का मौका मुआयना भी किया। बैंक मित्र सोमवार तड़के तक घर लौटेंगे।



चोरों ने उनके घर के पीछे गली में राजू शर्मा और मोहम्मद उमर के मकान के दरवाजों के ताले तोड़ दिए। उमर के दरवाजे पर दो ताले लगे थे, जिनमें एक को वह तोड़ नहीं पाए। उमर पत्नी के इलाज के सिलसिले में अलीगढ़ में हैं तो राजू कहीं बाहर रहते हैं। उनके घर में जो किरायेदार हैं, वह आबकारी विभाग में होने की वजह से बाहर हैं। पड़ोसियों ने राजू और उमर को भी उनके घरों में चोरी की कोशिश होने से अवगत करा दिया है। बता दें कि इसी कालोनी में छह-सात जून की रात चोरों ने सैन्य नारायण कुमार और 14 जून की रात चंद्रपाल के घरों को भी खंगाल लिया था। दोनों घरों से नकदी समेत करीब पांच लाख रुपये का माल गया चला गया था।

सैन्य कर्मी नारायण कुमार के भाई मनोज कुमार चोरों के नहीं पकड़े जाने से परेशान हैं। बताया कि इन दिनों में वह कोतवाली के कई बार चक्कर काट चुके हैं। जब भी कोई संदिग्ध पकड़ा जाता है, पहचानने के लिए उन्हें कोतवाली बुला लिया जाता है। पुलिस के पास संदिग्धों की सीसीटीवी फुटेज भी है। उस हुलिया का एक भी संदिग्ध पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। घटना के वक्त घटना के दौरान सैन्य कर्मी समेत चंद्रपाल के परिजन भी अपने पैतृक गांव में थे। घरों में ताला पड़ा था।

## सार-संक्षेप

### पेपर लीक मामले में बोले विधायक बेदीराम, एसटीएफ ने बुलाया तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा

**लखनऊ।** पेपर लीक मामले में वायरल वीडियो और आरोप-प्रत्यारोप के बीच जखनिया से सुभासपा विधायक बेदीराम ने अपनी बात रखी। मोबाइल फोन के जरिये कहा कि मुझे फंसाने की साजिश रची गई। झूठा और एडिट किया वीडियो वायरल किया गया।

कहा कि मैं न तो अंडरग्राउंड हूं और न ही मुझे गिरफ्तार किया गया। मैं, लखनऊ में हूं। दो जुलाई को गाजीपुर आ रहा हूं। अगर एसटीएफने मामले में पूछताछ के लिए भी बुला लिया तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। विधायक ने रविवार को मोबाइल फोन के जरिये अमर उजाला से अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कहा है कि पेपर लीक मामले में कहीं से भी मेरा नाम आ जाएगा तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। सजा भी भुगतने को तैयार हूं।

दलित विधायक हूं, इसलिए परेशान किया जा रहा। आगे बढ़ने से रोकने की साजिश रची जा रही है। एनडीए, सुभासपा और मुझे बदनाम किया जा रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और मुख्यमंत्री को पूरी जानकारी दे चुका हूं। अफ्वाह फैलाई गई कि मुझे एसटीएफने उठा लिया। गिरफ्तार कर लिया है। मेरा मोबाइल बंद है। ये सब अफवाह है। ऐसा कुछ भी नहीं है। मोबाइल हमेशा ऑन है। लोगों से बातचीत भी हो रही है। लखनऊ में ही हूं। कार्यक्रमों में हिस्सा भी ले रहा हूं। इसका प्रमाण सोशल मीडिया पर मेरी तस्वीरें है। यदि पेपर लीक मामले में कहीं से भी मेरा नाम आया और एसटीएफ ने मुझे पूछताछ तक के लिए भी बुला लिया तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा।

### थाना पुलिस ने महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाव के लिए किया जागरूक




**अमर भास्कर, संवाददाता**

**हाथरस।** आपरेशन जागृति फेज-02 अभियान की सहायता से महिलाओं/बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। ऑपरेशन जागृति टीमों द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बताया गया कि नाबालिग उम्र में बालिकायें लव अफेयर, पलायन, लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में फंस जाती हैं और किन्ही कारणों से उनको समझौता करना पड़ता है कई बार बालिकायें अपनी सहमति से भी बिना सोचे समझे चली जाती है। साथ ही साथ बदनामी के भय से किसी से शेयर नहीं करती हैं, जिसके कारण वह ऐसी स्थिति से निकलने में अपने आपको अक्षम महसूस करती हैं। परिवार में आपसी संवादहीनता और अभिभावकों से डर के कारण बालिकाएं अपनी बात कह नहीं पाती है। इसके अतिरिक्त आज ज्मबीदवसवहल के दुरूपयोग के चलते महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति साइबर बुलिंग के मामले भी सामने आ रहे है। प्राय: यह देखने में आ रहा है कि पारिवारिक विवादध्पारस्परिक भूमि विवाद का यथोचित समाधान नहीं दिखने पर अपराधिक घटनाओं में महिला सम्बन्धी अपराधों को जोड़ दिया जाता है । जबकि मूलत: यह पारिवारिक और भूमि विवाद संबन्धी होती है। इस अभियान से इस प्रकार गलत रिपोर्टिंग के मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा बनाकर जमीनी विवादों का समझौता न किया जाये। यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये। उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत ऑपरेशन जागृति फेज-2 अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान में आपसी समन्वय से ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

# खंबा बदलने को लेकर ग्रामीणें ने जेई से लगाई गुहार

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिले के नाधा विद्युत उपकेंद्र बिजली विभाग की लापरवाही के चलते हो सकता है कभी भी बड़ा हादसा आपको बता दें कि गांव सकतपुर के ग्रामीणों ने गांव कोठा से दानपुर मार्ग तक एचटी लाइन जर्जर वा नलकूप संख्या 203 ग्राम सकतपुर नलकूप की मेन लाइन पर खंबा टूट टूट कर लगभग दस 12 फीट का खंबे का टुकड़ा रह गया है बारिश होने से नीची लाइन से यहां कभी भी घटना घटित हो सकती है खेतों की जुताई करने में बहुत परेशानी हो रही है खंबा बदलने को जेई से



की शिकायत की लेकिन जेई भोलेनाथ की 1 साल से कानों में जू तक नहीं रेंगी अगर यहां कोई हादसा हो गया तो इसका जिम्मेदार कौन होगा खंभे पर तार टूटने पर कई बार जानवर मर चुके हैं फसल भी जल चुकी है खेत की जुताई बिजली जाने पर ही होती है और यहां पर बहुत बड़ा नुकसान होता है खंबे पर बिजली का करंट जमीन तक रहता है जेई साहब बोलते हैं कि आपके गांव में कोई पुराना खंबा हो तो उसे उखड़वा कर लगवा दूंगा यह बोलकर शांत कर देते हैं

# बारिश के दौरान मकान की छत गिरी, महिला की मौत, बेटा-बेटी घायल

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जनपद के बिसौली कस्बे के गदरपुरा मोहल्ले में शनिवार रात एक मकान की छत भरभराकर गिर गई, जिसके मलबे में दबकर 32 वर्षीय महिला अरवीन की मौत हो गई जबकि उसके दो बच्चे घायल हो गए। उसके मकान की छत कच्ची थी। हादसे के दौरान बरसात भी हो रही थी। मोहल्ले के लोगों ने मलबा हटाकर महिला और उसके बच्चों को बाहर निकाला। दोनों बच्चों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गदरपुरा मोहल्ला निवासी बंटू सैफी हरियाणा में मजदूरी करता है। घर पर उनकी पत्नी अरवीन, बेटी अलसिफा (13) और बेटा अनस (6) रहते हैं। शनिवार की



रात अरवीन अपने दोनों बच्चों के साथ मकान में सो रही थी। रात करीब तीन बजे बारिश हो रही थी। उसी दौरान अचानक मकान की छत भरभराकर गिर गई, जिसके नीचे मां, बेटे और बेटी दब गए।

छत गिरने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग जाग गए। वह तुरंत दौड़कर आ गए और उन्होंने मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला लेकिन तब तक अरवीन की मौत हो गई। घायल बेटी और बेटा को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी सूचना पर बंटू हरियाणा से बदायूं आने के लिए रवाना हो गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर दूसरे दिन भी लगा जाम, तीन किलामीटर तक वाहनों की कतार

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिले में बनकोटा के पास बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे पर मिट्टी कार्य कर रहे डंपर चालकों ने बरसात के चलते हाईवे पर डंपर खड़े कर दिए। शनिवार को तीन घंटे जाम रहने के बाद भी रविवार को किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। करीब दो किलोमीटर हाईवे पर एक साइड डंपर खड़े होने से एक ही तरफसे वाहनों का आना जाना है। सुबह करीब आठ बजे से हाईवे पर फिर जाम लगने लगा।



तीन किलोमीटर लंबे जाम में रोजवेज बसें फंस गईं। छोटे-बड़े वाहनों के पहिए भी थम गए। जाम में फंसे राजू ने बताया कि उनके रिश्तेदार की मौत हो गई है। परिवार के साथ अलापुर जाने को बिसौली से बस में बैठे थे। लेकिन यहां जाम में फंस गए। दो घंटे देर हो गई।


सैदपुर निवासी इशरत खां ने बताया कि वह जरूरी काम से बदायूं जाने को बस में बैठे लेकिन बनकोटा के पास जाम में बस फंस गई। दो घंटे बस में बैठना पड़ा। उमस भरी गर्मी ने बेहाल कर दिया। बस में सवार आनन्द सक्सेना निवासी बिसौली ने बताया कि जरूरी काम से बदायूं जा रहे हैं। अब जाम में फंस गए। हाईवे पर इस तरह डंपर खड़े करना गलत है। चालकों पर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासन को भी इस पर ध्यान देना चाहिए।

एसडीएम बिसौली कल्पना जायसवाल हर रोज बदायूं से बिसौली अपनी कर से आती-जाती हैं। जाम में उनकी गाड़ी भी फंस रही हैं, लेकिन उन्होंने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। रविवार को दूसरे दिन भी बनकोटा के पास जाम लगा रहा। यात्री परेशान रहे एंबुलेंस चालक मरीज को ले जा रहा था, जो जाम में फंस गया। ऑक्सीजन देकर मरीज को दो घंटे तक इलाज दिया, तब कहीं जाकर जिला अस्पताल पहुंचाया जा सका।

# बुरी तरह जर्जर हुआ ककराला से मुहम्मद गंज रोड, वर्षों से स्थानीय लोग कर रहे शिकायत

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**ककराला।** क्षेत्र के गांव मुहम्मद गंज मार्ग की हालत बेहद ही खस्ता है । ये मार्ग कई गांव को आपस में जोड़ता है । वर्षों से पड़े इस खस्ता हाल मार्ग की कोई मरम्मत नहीं हुई । स्थानीय लोग शिकायत कई बार कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है ।



चार किलोमीटर लंबा ककराला मुहम्मद गंज मार्ग गड्ढों के सिवा कुछ नहीं है। नगर ककराला में बड़ा मार्केट होने की वजह से इस मार्ग से बेहटा डंबरनगर, बादुल्लागंज, लोहादेर, मिढोली, रमजानपुर, असरासी व मुहम्मद गंज के लोग खरीददारी करने आते है। सभी के लिए इस मार्ग को तय करना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है । कई बार लोगों को मार्ग में गड्ढों की वजह से गंभीर चोटें भी आई हैं। बारिश में ये मार्ग सफर करने लायक नही रहता। गांव के समाजसेवियों ने कई बार इस समस्या से प्रशासन को अवगत कराया है । लेकिन वर्षों से आजतक कोई कार्यवाही नहीं हुई। लोगों की मांग है की इस समस्या का जल्द से जल्द निवारण किया जाए।

# पत्रकार पर अभद्र टिप्पणी करने बाले वेलगाम संविदाकर्मी टीए पर मुकदमा दर्ज

## भ्रष्ट टीए प्रशांत वर्मा रिश्वतखोरी में पहले भी रहा है चर्चित

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**म्याऊं।** एक प्रतिष्ठ दैनिक अखबार के संवाददाता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले म्याऊं ब्लॉक के टीए प्रशान्त वर्मा द्वारा पत्रकार की छवि को धूमिल करने की कोशिश, जिसके बाद पत्रकार संगठन आईरा ने प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की, जिसके बाद थाना पुलिस ने टीए प्रशान्त वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, वहीं खण्ड विकास अधिकारी ने विभागीय कार्यवाही करने के लिए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।




विदित हो कि विकास खण्ड म्याऊं के संविदाकर्मी प्रशान्त वर्मा टीए के घोटालों को अखबार में खबर प्रकाशित होने को लेकर म्याऊं के ही पत्रकार नरेन्द्र सिंह को लेकर तनाव था। उक्त टीए प्रशान्त वर्मा ब्लॉक म्याऊं पर तैनात है और उसने जिले के अधिकारियों व ब्लॉक अधिकारियों से सांठगांठ कर उसावां ब्लॉक में सम्बधीकरण करा लिया था, जोकि अवैधानिक था तो ब्लॉक उसावां के रोजगार सेवकों से उक्त टीए ने मनरेगा में कार्य हेतु 10 प्रतिशत एडवांस कमीशन लेने की बात की थी।

उसावां ब्लॉक के रोजगार सेवक भडक गए और काफी नोकझोक हुई तो उक्त रोजगार सेवकों ने जिला अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी मनरेगा लोकपाल से शिकायत की थी। इसी खबर को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उक्त टीए इस खबर को लेकर भडक गया था और उसने 28 जून को पत्रकार नरेन्द्र सिंह को लेकर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करते हुए पत्रकार की छवि को धूमिल करने के लिए वायरल कर दिया। नरेन्द्र सिंह ऑल इण्डिया रिपोर्टर एसोसिएशन (आईरा) संगठन के जिला प्रभारी के साथ-साथ कई सामाजिक संगठनों में कार्य करते हैं, जिससे उक्त मामले को देख पत्रकारों के साथ क्षेत्र के कई संभ्रान्त लोग भी भडक गए। 29 तारीख की सुबह क्षेत्र के सभी पत्रकारों ने आईरा संगठन के माध्यम से अपनी तहरीर थाना अलापुर में दी और एक शिकायती पत्र बीडीओ म्याऊं को दी, जिसमें संगठन द्वारा एक सप्ताह में कार्यवाही न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी गयी थी। बताते है कि प्रशांत वर्मा अन्य ब्लॉकों में भ्रष्टाचार के मामले में संलिप्त रहा है इसकी ऑडियों भी प्रधान से पैसे मांगने की भी वायरल हो चुकी है इससे पहले प्रधान संगठन ने भी इन्हें हटाने व भ्रष्टाचार की शिकायत की थी तो इन्होंने प्रधान संगठन का फर्जी पैड व प्रधानों की फर्जी मोहर साइन तैयार कर अपनी हैंडराइटिंग से मुख्यमंत्री पोटर्ल पर की गई शिकायत का खुद ही निस्तारण कर दिया था।

## संपादकीय

# टैक्स कलेक्शन बढ़ा..




वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली कमोबेश वित्तीय तंत्र में अधिक सहजता के साथ अपनी जगह बना चुकी है। जीएसटी प्रणाली के अस्तित्व में आने के लगभग सात वर्ष बाद कर संग्रह से जुड़े आंकड़े में निरंतर बढ़ोतरी इसी का संकेत दे रही है। मगर इस अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के सामने अब भी कई चुनौतियां हैं। अग्रिम निर्णय प्राधिकरण (एएआर) के विरोधाभासी आदेश, अपील से जुड़ा ढांचा तैयार होने में देरी और कर संबंधी बढ़ते विवाद जीएसटी प्रणाली की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। कर राजस्व बढ़ने के साथ ही जीएसटी में अगले चरण के सुधार या जीएसटी 2.० की तरफ बढ़ने की जरूरत महसूस होने लगी है। मगर दरें तर्कसंगत बनाने और पेट्रोल एवं डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने से जुड़े सुधारों में थोड़ी देर हो सकती है। जीएसटी प्रणाली प्रभाव में आने के पहले वर्ष 2०17-18(जुलाई-मार्च) में औसत मासिक संग्रह 9०,००० करोड़ रुपये था, मगर बाद में यह आंकड़ा बढ़ता गया। वर्ष 2०23-24 में औसत मासिक संग्रह 87 फीसदी की भारी भरकम बढ़ोतरी के साथ 1.68 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह बात उठ सकती है कि ये आंकड़े महंगाई की गणना किए बिना केवल वर्तमान मूल्यों को दर्शाते हैं। ऐसे में यह तर्क दिया जाना स्वाभाविक है कि जीएसटी संग्रह के बढ़ते आंकड़े वास्तविक स्थिति की सही तस्वीर पेश नहीं करते हैं। इस चिंता का समाधान यह है कि जीएसटी को सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के संदर्भ में देखा जाए। हालांकि, यह अनुपात भी बढ़ा है। जीएसटी लागू होने के पहले पूरे साल में यह अनुपात 6.23 फीसदी था, जो 2०23-24 में बढ़कर 6.83 फीसदी हो गया। मगर यह भी कहा जा सकता है कि यह बढ़ोतरी अधिक नहीं मानी जा सकती। इसका कारण यह है कि अधिक राजस्व अर्जित करने वाली पेट्रोल एवं डीजल जैसी वस्तुएं जीएसटी की जद से बाहर रखी गई हैं। केंद्र सरकार पेट्रोल एवं डीजल को जीएसटी में लाने के पक्ष में है मगर राज्य इसके लिए राजी नहीं हो रहे हैं। पेट्रोलियम एवं डीजल पर बिक्री कर, वैट लगाने से प्राप्त होने वाले राजस्व की हिस्सेदारी 2०22-23 तक के पिछले पांच वर्षों के दौरान 16.17 फीसदी रही है। केंद्र सरकार के लिए ये दोनों ही कर राजस्व के बड़े स्रोत हैं। फिलहाल कच्चे तेल, डीजल, विमान ईंधन और प्राकृतिक गैस आदि पर जीएसटी नहीं लगाया जाता है। पेट्रोलियम पदार्थों, खासकर, पेट्रोल एवं डीजल को जीएसटी में शामिल करने के अलावा कर श्रेणियों में कमी करना भी एक महत्त्वपूर्ण सुधार है, जो पिछले कुछ वर्षों से विचाराधीन है। फिलहाल जीएसटी प्रणाली में चार श्रेणियां-5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी- हैं। इनके अलावा महंगी एवं भोग-विलास की वस्तुओं पर जीएसटी के अलावा उपकर भी लगता है। केंद्र एवं राज्य सरकारें राजस्व पर संभावित असर पर गंभीरता से विचार किए बिना इन विषयों पर आनन-फानन में कोई निर्णय नहीं लेना चाहती हैं। बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में एक विशेषाधिकार प्राप्त समिति जीएसटी दरें तर्कसंगत बनाने पर गौर कर रही है।

एएआर के विरोधाभासी निर्णय और अपील ढांचे के प्रभावी होने में देरी से जीएसटी प्रणाली के लिए चुनौतियां और बढ़ गई हैं। ऐसे कई मौके आए हैं जब कर्नाटक एएआर के निर्णय अलग-अलग रहे हैं।

उदाहरण के लिए कर्नाटक स्थित एएआर ने आदेश दिया था कि किसी कंपनी के कार्यकारी निदेशक को जीएसटी नहीं देना होगा, मगर गैर-कार्यकारी निदेशकों की आय रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (आरसीएम) के अंतर्गत कर योग्य होगी। आरसीएम के अंतर्गत वस्तु एवं सेवा के प्राप्तकर्ताओं को जीएसटी चुकाना पड़ता है। इस आदेश के बाद विवाद पैदा हो गया क्योंकि दूसरे राज्यों के एएआर ने कहा था कि सभी निदेशकों को जीएसटी का भुगतान करना होगा। खाद्य वस्तुओं पर भी ऐसे ही विरोधाभासी आदेश आए हैं। अपील ढांचा प्रभावी नहीं होने से भी जीएसटी प्रणाली प्रभावित हो रही है। कर एवं सलाहकार कंपनी एकेएम ग्लोबल में पार्टनर अमित माहेश्वरी ने कहा, 'न्यायाधिकरणों के लिए अपील ढांचा लागू नहीं होने से भी जीएसटी तंत्र के लिए मुश्किलें बढ़ रही हैं। इसे देखते हुए न्यायाधिकरणों में विचाराधीन मामलों के समाधान की दिशा तेजी से काम करना होगा क्योंकि बाद में ऐसा करना आसान नहीं रह जाएगा।


**अमर भास्कर**

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**

**पिन कोड-2436०1**

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*


# सूचीबद्धता खत्म करने के लिए एफएडओ नियमों में हुआ बदलाव



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने निवेश एवं होल्डिंग कंपनियों की सूचीबद्धता खत्म करने के नियमों में ढील दी है जिससे प्रवर्तकों को अपनी निजी कंपनियों पर उचित अधिकार मिलेगा। इसके साथ ही नियामक ने वायदा एवं विकल्प खंड में शेयरों को शामिल करने और हटाने के लिए पात्रता मानदंड में भी संशोधन किया है । इससे इस सेगमेंट में खरीदे-बेचे जाने वाले शेयरों की तरलता सुनिश्चित होगी।

सोशल मीडिया पर शेयरों के बारे में भ्रामक और पक्षपातपूर्ण सलाह देने वाले वित्तीय इन्फ्लुएंसरों पर सख्ती दिखाई है और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से गारंटीशुदा रिटर्न की सिफारिश या वादा करने वाले व्यक्ति या विनियमित इकाइयों को प्रतिबंधित कर दिया है। हालांकि नियामक ने निवेशक जागरूकता के लिए काम करने वाले वित्तीय इन्फ्लुएंसरों वाली वित्तीय इकाइयों को अनुमित दी है लेकिन किसी तरह की सलाह देने से मना कर दिया है। रिवर्स बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के साथ स्वैच्छिक तौर पर सूचीबद्धता खत्म करने के लिए सेबी ने तय मूल्य प्रक्रिया पेश की है जिसमें प्रवर्तक 'उचित मूल्य' से कम से कम 15 फीसदी प्रीमियम पर लोगों से सभी शेयर की पुनर्खरीद कर सकते हैं। इसके साथ ही सेबी ने काउंटर ऑफर प्रणाली के तहत सार्वजनिक शेयरधारिता की सीमा को 9० फीसदी से घटाकर 75 फीसदी कर दिया है। आरबीबी प्रक्रिया के तहत सूचीबद्धता खत्म करने की प्रक्रिया तब सफल मानी जाती है जब ऑफर के बाद प्रवर्तक या अधिग्रहणकर्ता की उक्त इकाई में 9० फीसदी हिस्सेदारी हो जाती है। आरआरबी की प्रक्रिया को काफी सख्त माना गया था क्योंकि सूचीबद्धता खत्म करते समय कीमत कई बार काफी ज्यादा हो जाती है, जिससे यह सफल नहीं हो पाता है।

सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने कहा कि जैसे-जैसे भारत का बाजार परिपक्व हो रहा है, ऐसे में यदि कंपनियां चाहती हैं तो उन्हें निजी क्षेत्र में जाने की अनुमति देना अनिवार्य होना चाहिए। यह होटल कैर्लिफोर्निया की तरह नहीं होना चाहिए, जहां आप किसी भी समय चेक इन कर सकते हैं लेकिन उसे कभी छोड़ नहीं सकते। सेबी ने वायदा एवं विकल्प खंड में शेयरों के चयन के लिए मात्रात्मक मानदंडों जैसे मीडियन क्वार्टर सिगमा ऑर्डर साइज, मार्केट वाइड पोजीशन लिमिट और एवरेज डेली डिलिवरी वैल्यू में संशोधन किए हैं। सेबी के अधिकारियों ने कहा कि अगर नई शर्तें लागू हुई तो एफएंडओ खंड में शेयरों की संख्या थोड़ी बढ़ जाएगी, जो फिलहाल 182 है। अधिकारियों ने कहा कि लगभग दो दर्जन शेयर हटाए या जोड़े जा सकते हैं। बुच ने यह भी कहा कि एफऐंडओ कारोबार से जुड़ी चिंता दूर करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई है। उन्होंने कहा कि इस खंड को लेकर कई तरह की चिंता सामने आई है, मसलन डेरिवेटिव खंड में कारोबार करने के लिए भारी उधारी ली जा रही है। बुच ने कहा कि यह भी चिंता जताई जा रही है कि देश के लोगों की बचत का एक बड़ा हिस्सा बाजार में झोंका जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे किसी को फायदा नहीं होगा। सेबी बोर्ड ने जिन निर्णयों पर हामी भरी उनमें विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के लिए यूनिवर्सिटी फंडों और यूनिवर्सिटी संबंधी एंडोमेंट को अतिरिक्त खुलासे की शर्त से मुक्त रखना है। सेबी ने डेट प्रतिभूतियों और गैर-परिवर्तनीय भुनाने योग्य तरजीही शेयरों के लिए सार्वजनिक निर्गम की प्रक्रिया भी आसान कर दी।

# घरेलू मोर्चें पर वृहद आर्थिक आंकड़ें



घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि बीते सप्ताह रिकॉर्ड तेजी के बाद ऊंचे मूल्यांकन की वजह से इस हफ्ते बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। निवेशक आगे के संकेतों के लिए वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और रुपये-डॉलर के उतार-चढ़ाव पर भी नजर रखेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, इस सप्ताह शेयर बाजार में संभावित रूप से उतार-चढ़ाव रहेगा। ऊंचा मूल्यांकन चिंता का विषय बना हुआ है। निवेशकों की निगाह अब मानसून की प्रगति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर रहेगी। जुलाई में आने वाले आम बजट पर भी सभी की निगाह है। बाजार में विकासोन्मुख नीतियों की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों की गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बाजार में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली देखने को मिली है। अमेरिका के रोजगार के आंकड़े दो जुलाई को आएंगे। इसके बाद तीन जुलाई को आईएसएम सर्विसेज पीएमआई आंकड़े जारी किए जाएंगे। साथ ही दो जुलाई को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख का संबोधन है। एफओएमसी की बैठक का ब्योरा तीन जुलाई को जारी किया जाएगा। पिछले सप्ताह बीएसई का 3० शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 5०9.5 अंक या 2.16 प्रतिशत चढ़ गया। सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक बढ़त है।

सेंसेक्स ने ऐतिहासिक 79,००० अंक के स्तर को पार किया था। मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, ''बाजार का रुख प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा। इस दौरान एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई, एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई, एसएंडपी ग्लोबल विनिर्माण पीएमआई, फेडरल रिजर्व के प्रमुख का संबोधन, अमेरिका के बेरोजगारी दावों के आंकड़े बाजार के लिए प्रमुख घटनाक्रम हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के वरिष्ठ समूह उपाध्यक्ष-प्रमुख (शोध, ब्रोकिंग एवं वितरण) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि हमें उम्मीद है कि बाजार की रफ्तार कायम रहेगी और शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिलेंगी। हालांकि, सप्ताह के दौरान आने वाले आर्थिक आंकड़ों की वजह से बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव रह सकता है। वाहन कंपनियां अपने मासिक बिक्री आंकड़े जारी करेंगी। ऐसे में उनके शेयरों पर सभी की निगाह रहेगी।

## खेल-खिलाड़ी

# खिताबी जीत के बाद हार्दिक पांड्या ने आलोचकों को दिया जवाब




**नई दिल्ली।** भारत को टी2० विश्व कप के फाइनल में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या का अनुभव आईपीएल 2०24 में अच्छा नहीं रहा था। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर उनकी नाकामी के बाद प्रशंसकों ने उन्हें निशाने पर लिया था। यहां तक कि मैदान पर उनकी जमकर हूटिंग भी की गई थी। हालांकि हार्दिक का कहना है कि वह ऐसे लोगों से बिल्कुल भी गिला नहीं है जो उन्हें एक प्रतिशत भी नहीं जानते।

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2०24 सीजन के लिए रोहित की जगह हार्दिक को कप्तान नियुक्त किया था। हार्दिक इससे पहले दो सीजन तक गुजरात टाइटंस की कमान संभाल रहे थे, लेकिन हार्दिक को कमान सौंपने से रोहित के फैंस काफी नाराज हुए और उन्होंने हार्दिक पर अपने गुस्सा निकाला। हार्दिक की कप्तानी में गुजरात का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा और टीम 1०वें स्थान पर रही। मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में भी जगह नहीं बना सका था और बतौर कप्तान हार्दिक पर काफी सवाल खड़े किए थे। लेकिन टी2० विश्व कप फाइनल में हार्दिक ने अपने प्रदर्शन से आलोचकों का मुंह बदं कर दिया। हार्दिक ने आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन नहीं बनाने दिए। हार्दिक ने कहा, मैं गरिमा में विश्वास करता हूं। जो लोग मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते, उन्होंने इतना कुछ कहा। लोगों ने बोला लेकिन कोई बात नहीं। मेरा हमेशा मानना है कि शब्दों से जवाब नहीं देना चाहिए, हालात जवाब दे देते हैं। खराब समय हमेशा नहीं रहता। गरिमा बनाए रखना जरूरी है, चाहे आप जीतें या हारें। प्रशंसकों और सभी को शालीनता से रहना सीखना होगा। हमें बेहतर आचरण रखना चाहिए। मुझे यकीन है कि अब वे ही लोग खुश होंगे।

उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे मजा आ रहा था। बहुत कम लोगों को ऐसे जिंदगी बदलने वाले मौके मिलते हैं। यह दांव उलटा भी पड़ सकता था लेकिन मैं आधा भरा गिलास देखता हूं, आधा खाली नहीं। मैं दबाव नहीं ले रहा था और अपने कौशल पर भरोसा था। यह पल हमारी किस्मत में लिखा था।

अगला टी2० विश्व कप भारत और श्रीलंका में है और हार्दिक कप्तान हो सकते हैं, लेकिन वह इतने आगे की नहीं सोच रहे। उन्होंने कहा, 2०26 में काफी समय है। मैं रोहित और विराट कोहली के लिए बहुत खुश हूं। भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज जो इस जीत के हकदार थे। उनके साथ इस प्रारूप में खेलने में मजा आया। उनकी कमी खलेगी लेकिन इससे बेहतर विदाई नहीं हो सकती थी।

# छह महीने पहले तक रोहित-कोहली के चयन पर था संशय

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मौजूदा दौर में दो सबसे बड़े खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी2० विश्व कप जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय टी2० से संन्यास लेने का एलान कर दिया। भारत ने बारबाडोस में खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर 17 साल के लंबे इंतजार के बाद इस प्रारूप का अपना दूसरा वैश्विक खिताब जीता। रोहित के लिए यह जीत विशेष रही क्योंकि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में महेंद्र सिंह धोनी के बाद विश्व विजेता कप्तान बनने वाले वह दूसरे भारतीय बने। हालांकि, इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के संन्यास की घोषणा करने से फैंस को खुशी के बीच निराशा भी मिली।

रोहित 2००7 विश्व विजेता टीम का भी हिस्सा रहे थे, वहीं कोहली भी लंबे समय से भारतीय टीम में नियमित रूप से शामिल रहे हैं। हालांकि, 2०22 टी2० विश्व कप में सेमीफाइनल में मिली हार के बाद एक वक्त ऐसा आया जब यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी कुछ समय तक भारतीय टी2० टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। रोहित की अनुपस्थिति में हार्दिक पांड्या ने कुछ द्विपक्षीय टी2० सीरीज में भारत की कमान संभाली थी और रोहित तथा कोहली के टी2० टीम में शामिल होने पर संशय बना हुआ था। कोहली ने अपने टी2० अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 12 जून 2०1० को की थी। अब 14 साल बाद जून में ही अपना आखिरी मैच भी खेला। भारत के लिए विराट ने 125 टी2० मैच खेले, जिसमें 48.69 की औसत के साथ 4188 रन बनाए। वह रोहित शर्मा के बाद इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में दूसरे नंबर पर हैं। कोहली ने अपने इस करियर में एक शतक और 38 अर्धशतक जमाए। वह टी2० विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा 1292 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उनके नाम टी2० विश्व कप में सबसे ज्यादा 15 अर्धशतक भी हैं।

वहीं, रोहित की बात करें तो उन्होंने अपने टी2० अंतराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 2००7 में टी2० विश्व कप ट्रॉफी जीतकर की थी। वह 2००7 में धोनी की अगुआई में चैंपियन बनने वाली टीम का भी हिस्सा रहे थे। अब नौवें संस्करण में उन्होंने खुद अगुआई करते हुए भारत को टी2० विश्व कप चैंपियन बनाया और करियर का अंत भी एक चैंपियन के तौर पर किया। रोहित ने टीम इंडिया के लिए टी2० में बतौर कप्तान 5० मैच जीते हैं और यह एक रिकॉर्ड भी है। उनसे ज्यादा मैच अभी तक टी2० में किसी कप्तान ने नहीं जीते हैं। भारत को जब इंग्लैंड के खिलाफ 2०22 टी2० विश्व कप के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा तो उसके बाद रोहित और कोहली ने टी2० से ब्रेक लिया। रोहित की अनुपस्थिति में हार्दिक ने कमान संभाली और सूर्यकुमार यादव उपकप्तान की भूमिका में आए। इस बात की चर्चा होने लगी कि भारतीय टीम अब हार्दिक की कप्तानी में 2०24 टी2० विश्व कप में खेलने उतर सकती है। दूसरी तरफ, रोहित और कोहली के टी2० में स्ट्राइक रेट पर भी लगातार सवाल उठते रहे। पिछले साल वनडे विश्व कप को देखते हुए भारत ने अधिकतर वनडे प्रारूप के मुकाबले खेले। विश्व कप से पहले एशिया कप 5० ओवर के प्रारूप में हुआ जहां भारतीय टीम विजेता बनकर उभरी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली गई। भारतीय टीम का वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन रहा और टीम ने फाइनल से पहले अपने सभी मुकाबले जीते। हालांकि, फाइनल में टीम को ऑस्ट्रेलिया से हार मिली और एक बार फिर रोहित-कोहली का विश्व विजेता बनने का सपना टूट गया।

# ऋषिकेश से रुद्रप्रयाग तक सुधरेंगे 44 भूस्खलन जोन



**उत्तराखंड।** बरसात के दौरान ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर सक्रिय भूस्खलन जोन बरसात के दौरान कहर बनकर टूट सकते हैं। कई भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का ट्रीटमेंट नहीं होने से राजमार्ग पर पहाड़ियों से मलबा व बोल्डर गिरने की आशंका बनी रहती है। एनएच पर ऋषिकेश से लेकर रुद्रप्रयाग तक कुल 44 सक्रिय भूस्खलन जोन की डीपीआर तैयार की गई है। चमधार भूस्खलन क्षेत्र में करीब 34 करोड़ की लागत से ट्रीटमेंट किया जाएगा।

एनएच लोक निर्माण विभाग मानसून को लेकर भले ही पूरी तैयारियों के दावे कर रहा हो, लेकिन बरसात के दौरान राजमार्ग पर सक्रिय भूस्खलन जोन विभाग के लिए चुनौती बन सकता है। यहां ऋषिकेश ब्रह्मपुरी से लेकर रुद्रप्रयाग तक कुल 44 छोटे-बड़े भूस्खलन जोन हैं।

इनमें चमधार, बछेलीखाल व अटाली गंगा के समीप सक्रिय भूस्खलन जोन प्रशासन के साथ-साथ यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बन सकता है। हालांकि राजमार्ग बाधित होने की स्थिति में बिना समय गंवाए यातायात के लिए मार्ग सुचारू किया जा सके इसके लिए 14 जेसीबी तैनात की गई है। इनमें 11 मशीनें टेंडर द्वारा एनएच विभाग ने अनुबंधित की है।

ब्रह्मपुरी से कोडियाला तक 12, कोडियाला से देवप्रयाग तक 10, देवप्रयाग से श्रीनगर 7, श्रीनगर से रुद्रप्रयाग तक पांच जोन सक्रिय है। इसके अलावा अन्य 10 छोटे-बड़े जोन बछेलीखाल, सिंगटाली समेत एनएच पर सक्रिय हैं। देवप्रयाग से कोडियाला के बीच पड़ने वाले 10 भूस्खलन क्षेत्रों में स्लोप प्रोटेक्शन का कार्य गतिमान है। ब्रहमपुरी-कोडियाला के बीच के 12 जोनों का टेंडर हो चुका है, जल्द कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा कुल एनएच पर 44 भूस्खलन क्षेत्रों की डीपीआर तैयार की गई है, जिसमें सबसे अधिक खर्चा चमधार भूस्खलन क्षेत्र में आएगा। यहां 150 मीटर ट्रीटमेंट के लिए करीब 34 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

# आतिशबाजी की गूंज और जुबां पर भारत माता की जय के नारे

**उत्तराखंड।** भारत ने जैसे ही टी-20 वर्ल्ड कप जीता राजधानी देहरादून में घंटाघर, कोटद्वार में झंडा चौक, रुड़की, हरिद्वार और कुमाऊं में भी शनिवार रात का नजारा देखने लायक था। भारत के विश्वकप जीतते ही आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा।

भारतीय टीम ने देशवासियों को खुशी और गर्व से भर दिया तो लोगों ने जमकर जश्न मनाया। चारों तरफ पटाखों की आवाज आ रही थी और घंटाघर में युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। हर किसी के चेहरे पर चमक और खुशी थी।

उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक सभी प्रमुख इलाकों में शनिवार रात 11.30 बजे काफी भीड़ थी। कोई मोबाइल में लगा था, तो कोई दुकानों पर टीवी देख रहा था।

टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच के आखिरी ओवर में जैसे ही सूर्य कुमार यादव ने कैच लपका, लोग चिल्ला उठे। लोगों ने कहा- सूर्या ने हाथ से फिसलता वर्ल्ड कप लपक लिया है।

इसके बाद आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद के बाद तो हर तरफ जीत का जश्न शुरू हो गया। आसमान में आतिशबाजी तो जुबां से भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगते रहे।

देखते ही देखते चारों ओर उत्सव का माहौल हो गया। लोग सड़कों पर उतर आए, हर तरफ गाड़ियों के हॉर्न बजने लगे और लोग गाड़ियों पर तिरंगे लहराने लगे।

हर किसी की जुबान पर बस एक ही बात थी- जय हो। और ऐसी खुशी हो भी क्यों न, 17 साल बाद भारतीय टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जो अपने नाम किया है। उधर, भारत की जीत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बधाई दी है।

# उत्तरकाशी समेत छह जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

अमर भास्कर, ब्यूरो

**उत्तराखंड।** भले ही इस बार मैदानी इलाकों में मानसून की बारिश का आंकड़ा सामान्य है, लेकिन आने वाले दिनों में मैदानी इलाकों से लेकर पर्वतीय जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। प्रदेश के छह जिलों में भारी बारिश होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पिथौरागढ़, टिहरी, उत्तरकाशी, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर और चंपावत में कहीं-कहीं भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। इसके अलावा देहरादून, नैनीताल, चमोली और रुद्रप्रयाग जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं।

हरिद्वार में शनिवार को करीब डेढ़ घंटे की बारिश से शहर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया। खड़खड़ी सूखी नदी रपटे पर पार्क की गई छह लग्जरी कारें पानी के तेज बहाव में बहकर गंगा में पहुंच गईं। हरकी पैड़ी के सामने से बहते हुए आगे निकल गईं। कांगड़ा घाट से लेकर डामकोठी से पहले तक पुलों के बीच कारें फंसी रहीं।

# सड़क को गड्ढा मुक्त कराने की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

अमर भास्कर, ब्यूरो

**संभल।** समिति के पदाधिकारी एकत्रित होकर तहसील क्षेत्र के गांव पाली की मड़िया पहुंचे और सिंहपुर सानी से असमोली को जाने वाले सड़क मार्ग की जर्जर हालत को लेकर ग्रामीणों ने एकत्रित होकर समिति के पदाधिकारी चौ. रविराज चाहल एडवोकेट के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के विरुद्ध जबरदस्त प्रदर्शन कर नारेबाजी की और सड़क को गड्ढा मुक्त किये जाने की मांग की और सड़क मार्ग का अति शीघ्र निर्माण किये जाने की मांग की।




अन्यथा समिति लोक निर्माण विभाग के विरुद्ध क्रमिक अनशन करने को वाध्य होगी चौ. रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि यह सड़क मार्ग लगभग एक वर्ष से जर्जर हालत में पड़ा है। और सड़क में भारी गड्ढे व्याप्त हैं। ऐसा लग रहा है। अब तो जैसे गड्ढों में सड़क है। जनप्रतिनिधि इस समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। और ना ही समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई प्रयास कर रहे हैं।

जबकि मुख्यमंत्री योगी ने सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने के आदेश भी दे रखे है। लोक निर्माण विभाग को इस समस्या की तरफ ध्यान देना चाहिए। और इसका शीघ्र से शीघ्र निराकरण कर सड़क को गड्ढा मुक्त करना चाहिए। हरपाल सिंह ने कहा की यह सड़क मार्ग काफी लम्बे समय से जर्जर हालत में है। शासन व प्रशासन भी इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दें रहा है। सत्ताधारी जिले के जिम्मेदार लोग भी इस समस्या के निराकरण हेतु कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं।

रात्रि के समय इन गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोक निर्माण विभाग इस समस्या का संज्ञान ले और जल्द से जल्द सड़क को गड्ढा मुक्त कराये अंशुल चाहल ने कहां की सड़क में व्याप्त यह भारी गड्ढे आये दिन दुर्घटनाओं को बुलवा दे रहे हैं। इन गड्ढों के कारण रात के अंधेरे में सड़क से गुजरते समय जान भी जा सकती है। जल्द से जल्द समस्या का निराकरण कराया जाए, अन्यथा अनिश्चित कालीन धरने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

इस दौरान चौ. रविराज चाहल एडवोकेट, चौ. हरपाल सिंह, खिलेन्द्र चाहल, अंकित कुमार, दीपांशु कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, हरी सिंह, ऋतिक कुमार, आशीष कुमार, गजेंद्र सिंह, नौ सिंह, अशोक, हरपाल सिंह, बहादुर, बॉबी, टिंकू, अमित कुमार, शिवम पाल, डॉ, नाजिम आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### चोराबाड़ी क्षेत्र में टूटा ग्लेशियर, खाई में समाया बर्फ का गुबार



अमर भास्कर, ब्यूरो

**देहरादून।** चोराबाड़ी से ऊपर हिमालय की पर्वत शृंखलाओं में रविवार को ग्लेशियर टूट गया। इस दौरान बर्फ का गुबार उठा और कुछ देर बाद गहरी खाई में समा गया। मंदिर क्षेत्र में मौजूद कई यात्रियों ने इस प्राकृतिक दृश्य को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद किया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि गांधी सरोवर के ऊपर सुबह करीब पांच बजे एवलांच आया। हालांकि किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि यहां बीती आठ जून को भी ग्लेशियर टूटने की घटना हुई थी। बीते वर्ष मई व जून में भी चोराबाड़ी से लगे कंपेनियन ग्लेशियर क्षेत्र में पांच बार हिमस्खलन हुआ था।

### खेत से दूसरे खेत में पानी निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद



अमर भास्कर, ब्यूरो

**संभल।** बदलते मौसम का अलग ही मिजाज होता है। कुछ दिन पहले तो भीषण गर्मी पड़ रही थी। लेकिन इस समय मूसलाधार बारिश हो रही है। जिसके चलते धान की पौध से दूसरे खेत में पानी निकालने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया, कि एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए, घायलों ने थाना पहुंचकर तहरीर दी है।

बता जा रहा कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मेडिकल कराने के लिए जिला अस्पताल भेजा, थाना हयात नगर क्षेत्र के सुलेमान पुत्र मकसूद इमरान पुत्र सुलेमान मशकूर पुत्र अशरफ निवासी सराय तरीन थाना हयात नगर ने पेशगी पर जमीन रख ली थी। जिसमें अधिक बारिश होने से जल भराव हो गया। और धान की पौध डूब गई। जिसको लेकर दूसरे पक्ष ने पानी निकालने को लेकर एतराज किया। तो जुबैर आराफीन पुत्र छिद्दन और उसके बहनोई निवासी मोहल्ला कोटला सरायतरीन ने लाठी डंडों से तथा लात घूसों से हमला कर दिया। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए, जिसमें घायलों ने थाना पहुंचकर तहरीर दी जिसके आधार पर पुलिस ने मेडिकल कराने के लिए जिला अस्पताल संभल भेजा।

# मलबे में दबकर लापता हुए व्यक्ति का शव बरामद



**देहरादून।** कोटद्वार-पौड़ी हाईवे पर पहाड़ से मलबा गिरने से हुए हादसे में लापता व्यक्ति की तलाश में एसडीआरएफ ने रविवार को भी सर्च अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने मलबे से व्यक्ति का शव बरामद कर लिया है। साथ ही मलबा हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। बता दें कि कोटद्वार-पौड़ी हाईवे पर शनिवार को बारिश के बाद पहाड़ से मलबा गिरने से कोटद्वार से पौड़ी जा रहा मैक्स वाहन मलबे में दब गया था। इस दौरान चालक एवं तीन यात्रियों को चोटें आईं थीं। वाहन में चालक समेत नौ लोग सवार थे। जिसमें से एक व्यक्ति लापता था। एसडीआरएफ टीम के प्रभारी गबर सिंह नेगी ने बताया कि जितना मलबा हाईवे पर पड़ा है, उससे ज्यादा मलबा खाई में गिरा है। मैक्स वाहन कहीं दिखाई नहीं दिया।

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमर भास्कर, ब्यूरो

**संभल।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सिरसी कस्बे के मोहल्ला सादक सराय दालान में स्थित पुराने सुनारों वाला कुआं को नगर पंचायत सिरसी द्वारा हुसैनी चौक का नाम देकर सांप्रदायिक सद्भाव खराब करने से रोका जाना एवं कुएं को पुराने वास्तविक स्वरूप में परिवर्तित कराए जाने को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर बताया। कि कस्बा सिरसी के मोहल्ला सादक सराय दालान में हाल में ही नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा सौंदर्य करण करने के नाम पर अपनी जियादी मानसिकता का परिचय देते हुए, हिंदू समाज के पूज्य स्थल पुराने कुएं जिसे पूर्व में सुनारों वाला कुआं पुकारा जाता था उसका स्वरूप और पहचान बदलकर हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है।




जिसे ज्ञापन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायत भेज कर अवगत कराने का कार्य किया है। इस दौरान अमित कश्यप, बिंटू, अभिषेक, महेंद्र स्वामी, शिवम, दिनेश कुमार, राजेश, शिवा शंकर, वैभव गुप्ता, विपिन चौधरी, सुधांशु, विवेक, मुकुल सिद्धार्थ गुप्ता, अभिषेक, अमित वार्ष्णेय संतोष गुप्ता, सनी गुप्ता, हरिओम तोमर, रिंकू प्रेम कुमार, नितिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों का कराया नेत्र परीक्षण

अमर भास्कर, ब्यूरो

**चंदौसी।** भारत विकास परिषद नव उदय शाखा चंदौसी के द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वृद्ध आश्रम कैथल गेट चंदौसी में वृद्ध जनों का नेत्र परीक्षण कराया गया। डॉक्टर तनुज गोयल एवं उनके सहयोगी डॉ नमिना, आयुषी एव स्पर्श ने बृद्धजनों का नेत्र परीक्षण किया गया। और जरूरत मंदों को दवा तथा चश्मा वितरण किया गया।



इसके उपरांत सभी वृद्ध जनों को संस्था के सदस्यों द्वारा भोजन कराया गया। अध्यक्ष प्रभाष चंद्र चौधरी ने कहा कि हमारी संस्था समाज सेवा के लिए समर्पित संस्था है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अध्यक्ष द्वारा चिकित्सक टीम एवम आश्रम व्यवस्था में लगे लोगों को आभार व्यक्त किया। और कहा कि हम भविष्य में भी बृद्धजनों के सेवार्थ कार्य करते रहेंगें।

कार्यक्रम का संचालन सुनीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अतुल शंकर चौधरी, विकास गोयल, पराग बंसल, अंकुर अग्रवाल, मधुर वार्ष्णेय, दीपक गुप्ता एडवोकेट, मोहित गोयल, अंकुर गोयल, विष्णु शर्मा एडवोकेट नितिन गुप्ता, प्रतिमा गोस्वामी, अशोक अग्रवाल, अजय शर्मा, मोनिका शर्मा, पूजा अग्रवाल, सावित्री अग्रवाल एवं, आर्यन गुप्ता, छवि बंसल आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता राजेश सिंघल ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से की मुलाकात

अमर भास्कर, ब्यूरो

**संभल।** भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल 1 दिन के दौरे पर लखनऊ के लिए संभल के विकास के लिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास पर जाकर मिले। जहां उन्होंने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को संभल के विकास के बारे में कई बिंदु शामिल कर मांग पत्र सौंपा जिसमें भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने पुलिस लाइन रोडवेज बस अड्डा आरटीओ ऑफिस 24 कोशिका परिक्रमा मार्ग का अति शीघ्र निर्माण कराए जाने की मांग की उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा नेता राजेश सिंघल के संभल के विकास मांग पत्र पर गहराई से विचार कर आश्वासन दिया।



संभल में तेजी से विकास करने के लिए सरकार संकल्प बाद है। संभल में अधिक से अधिक विकास करा कर रोडवेज बस अड्डे का शीघ्र निर्माण होगा तथा 24 कोशिया परिक्रमा मार्ग भी स्वीकृत किया जाएगा।

# भागीरथी नदी किनारे मिला अज्ञात बुजुर्ग महिला का शव

अमर भास्कर, ब्यूरो

**उत्तरकाशी।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत मनेरा में भागीरथी नदी किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लिया, जिसे पंचायत नामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।



जानकारी के अनुसार, सुबह मनेरा क्षेत्र के कुछ लोगों को भागीरथी नदी के दाएं किनारे पर एक शव दिखा, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। बाद में शव की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि शव बुजुर्ग महिला का है। जिसकी उम्र करीब 60 वर्ष से अधिक लग रही है। शव का पंचायत नामा भर कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

कोतवाल ने कहा कि उत्तरकाशी में साधु संतों के निधन के बाद उन्हें नदी में जल व नदी किनारे भू समाधि भी दी जाती है। यह शव उनमें से भी एक हो सकता है। जो नदी का जलस्तर बढ़ने से किनारे लगा हो सकता है। शिनाख्त न होने पर 72 घंटे बाद का शव अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

# दादा के साथ शादी के कार्ड बांटने जा रहे युवक को बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली

**रुड़की।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के इकबालपुर फाटक के पास फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया। बाइक सवार बदमाशों ने दादा के साथ शादी के कार्ड बांटने जा रहे युवक को गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, युवक को पांव में गोली लगी है।




जानकारी के अनुसार, भगवानपुर थाना क्षेत्र के अमरपुर निवासी गौरव कुमार की शादी 15 जुलाई को है। वह अपने दादा जगतसिहं के साथ अपनी शादी के कार्ड देने के लिए इकबालपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह इकबालपुर रेलवे फाटक के पास पहुंचे तो अज्ञात बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। गोली गौरव पांव में लगी। जिससे वह घायल हो गया।

गोली चलते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस का कहना है कि गोली चलाने वाले कौन लोग थे, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# विश्व विजेता बनने पर जापान के राजदूत ने टीम इंडिया को दी बधाई

**नई दिल्ली।** भारत में जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी ने भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप जीतने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि 17 साल का इंतजार खत्म हुआ, टीम इंडिया की जीत पर खुश हूं।



शनिवार को हुए टी-20 विश्वकप में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें भारत ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। लेकिन रोहित शर्मा, ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों का विकेट गिरने के बाद से मैच धीमा पड़ गया, लेकिन विराट कोहली, अक्षर पटेल ने जबरदस्त पारी खेली। विराट कोहली ने जहां 76 रन बटोरे वहीं अक्षर पटेल ने 31 गेंदों पर एक चौका और चार छक्के समेत 47 रन बनाए। दोनों की साझेदारी में भारत ने 72 रन बनाए। वहीं शिवम दुबे ने 16 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के समेत 27 रन बनाए। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 176 रन का लक्ष्य दक्षिण अफ्रीका के सामने खड़ा कर दिया था।

वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम के शुरूआती ओवर में ही दो विकेट चटकाकर भारतीय टीम ने उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। हालांकि क्विंटन डि कॉक और ट्रिस्टन स्टब्स की 58 रनों की साझेदारी ने उन्हें फिर मुकाबले में ला दिया था। वहीं हेनरिक क्लासेन के 27 गेंदों पर 52 रनों ने भारतीय खिलाड़ियों को थोड़ा परेशान किया।

लेकिन भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने दक्षिण अफ्रीका की टीम को 8 विकेट चटकाकर 169 रनों पर ही रोक दिया। भारतीय गेंदबाज अर्शदीप ने 2, जसप्रीत बुमराह ने 2, हार्दिक ने 3 विकेट चटकाकर भारतीयों को जीत के नजदीक पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में 169 रन ही बटोर सकी।

जीत के बाद भारत के हर शहर हर मोहल्ले में जश्न का माहौल है। देर रात तक लोग पटाखे जलाते रहे, ढोल बजाकर अपनी खुशी का इजहार करते रहे। विराट कोहली को अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं और देशवासियों ने जीत की बधाई दी।

वहीं भारत में जापानी राजदूत ने एक्स पर पोस्ट कर भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया को जीत की हार्दिक बधाई। मैं भारत की जीत पर खुश हूं। 17 साल का लंबा इंतजार खत्म हुआ।

## राष्ट्रपति पद के लिए कड़ी टक्कर

**तेहरान।** ईरान में राष्ट्रपति चुनाव में समाज सुधारक मसूद पेजेशकियान और कट्टरपंथी सईद जलीली के बीच कड़ा मुकाबला हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान में दूसरे चरण के चुनाव के आसार बन रहे हैं और किसी भी उम्मीदवार को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभी तक ईरान में 1.4 करोड़ वोटों की गिनती हो गई है, जिनमें मसूद पेजेशकियान को करीब 59 लाख और उनके प्रतिद्वंदी सईद जलीली को 55 लाख से ज्यादा वोट हासिल हुए हैं। ईरान में राष्ट्रपति पद के अन्य उम्मीदवार मोहम्मद बागर कलीबाफ को करीब 19 लाख और चौथे उम्मीदवार मुस्तफा पोरमोहम्मदी को 1.1 लाख वोट मिले हैं। ईरान के कानून के अनुसार, अगर किसी भी उम्मीदवार को चुनाव में 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं मिलते हैं तो दूसरे चरण का चुनाव होता है।

# भारत को विश्व बैंक देगा 150 करोड़ डॉलर की मदद

**नई दिल्ली।** हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए विश्व बैंक ने भारत को 150 करोड़ डॉलर की मदद को मंजूरी दी है। इससे भारत को नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देन में मदद मिलेगी।





विश्व बैंक ने बीते दिन बताया कि निम्न-कार्बन ऊर्जा कार्यक्रम विकास नीति के तहत वित्तपोषण प्रोत्साहन का यह दूसरा चरण है। इससे पहले पिछले साल जून में भी विश्व बैंक ने भारत को 150 करोड़ डॉलर की मंजूरी दी थी। इस मदद से देश में प्रति वर्ष 450,000 मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन और 1,500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर के उत्पादन की उम्मीद है। यह अक्षय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने और प्रति वर्ष 50 मिलियन टन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद करेगा। विश्व बैंक ने कहा, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और आबादी वाले देश भारत का कम कार्बन वाली, लचीली अर्थव्यवस्था में बदलाव घरेलू और वैश्विक दोनों ही स्तरों पर अहम है।

विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा कि विश्व बैंक भारत की कम कार्बन विकास रणनीति का समर्थन जारी रखेगा, जिससे देश के शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलेगी। इसके साथ ही निजी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी नौकरियों को बढ़ावा मिलेगा। असल में पहले और दूसरे दोनों ही चरण में ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में निजी निवेश को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

# सैन्य अभियान के लिए मांगे छोटे हथियार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राजदूत मसूद खान ने अमेरिका से आग्रह किया कि वह इस्लामाबाद में आतंकवाद के खिलाफ शुरू किए गए अभियान अज्म-ए-इस्तेकाम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए छोटे हथियार और आधुनिक उपकरण मुहैया कराए। शहबाज शरीफ सरकार ने हाल ही में इस सैन्य अभियान को मंजूरी दी है। डॉन अखबार ने राजदूत खान के हवाले से कहा पाकिस्तान ने आतंकवादियों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए अज्म-ए-इस्तेकाम अभियान शुरू किया है।



इसके लिए हमें छोटे हथियारों और आधुनिक संचार उपकरणों की जरूरत है। मसूद खान ने इस हफ्ते की शुरुआत में अमेरिका के विल्सन सेंटर में अमेरिकी नीति-निर्माताओं, विद्वानों, थिंक टैंक और कॉरपोरेट नेताओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। खान ने बताया कि अज्म-ए-इस्तेकाम अभियान में तीन महत्वपूर्ण चरण शामिल हैं- सैद्धांतिक, सामाजिक और परिचालन। उन्होंने कहा कि पहले दो चरणों पर काम शुरू हो चुका है, तीसरे चरण को जल्द ही शुरू किया जाएगा।

अधिकारियों के मुताबिक, यह आतंकवाद रोधी अभियान शुरू करने का फैसला तब लिया गया है, जब देश को तहरीक-ए-तालिबान के आतंकवादियों के सिलसिलेवार हमलो का सामना करना पड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका को मजबूत रक्षा संबंध बनाए रखना चाहिए और खुफिया सहयोग बढ़ाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अमेरिका को उन्नत सैन्य हथियारों की बिक्री फिर से शुरू करनी चाहिए। अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत ने कहा, यह क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है और आतंकवाद की लहर अमेरिका और उसके सहयोगियों के हितों के लिए भी खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि द्विपक्षी संबंध जमीनी हकीकत पर आधारित होने चाहिए। खान ने कहा, कुछ मुद्दों के चलते संबंधों को रोकना नहीं चाहिए। एक या दो मुद्दों की वजह से पूरे रिश्ते को नहीं बिगाड़ा जाना चाहिए।

## भारत-अमेरिका की नागरिकों को चेतावनी

**लेबनान।** देश में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच भारत और अमेरिका ने अपने-अपने नागरिकों के लिए यात्रा सलाह जारी की है। दोनों देशों ने अपने नागरिकों से लेबनान की यात्रा योजनाओं पर पुनर्विचार करने के साथ ही सावधानी बरतने का आग्रह किया है। वहीं, बेरूत में रूसी दूतावास ने भी देश के दक्षिणी हिस्से में स्थिति सामान्य होने तक अपने नागरिकों से लेबनान की यात्रा करने से परहेज करने की सलाह दी है।

भारतीय दूतावास ने कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए लेबनान में सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। बेरूत में भारतीय दूतावास के साथ इमेल पता या आपात कालीन हेल्पलाइन अमेरिकी दूतावास ने भी लेबनान की मौजूदा स्थिति पर प्रकाश डाला।

# कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपीएसपी मिलकर लड़ेंगे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

**मुबंई।** शरद चंद्र पवार वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपीएसपी) के प्रमुख ने साफ कर दिया है कि उनकी पार्टी कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेगी। बता दें, चुनाव इस साल अक्तूबर में होने वाले हैं।



शरद पवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करना महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की नैतिक जिम्मेदारी है, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे।

कांग्रेस, शरद चंद्र पवार वाली एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाड़ी का हिस्सा हैं। ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने से पहले नवंबर 2019 से जून 2022 तक महा विकास अघाड़ी राज्य में सत्ता में था। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों के सामने विपक्ष एकजुट होकर रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसका निर्वहन करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि जैसे महाभारत में अर्जुन का निशाना मछली की आंख थी, हमारी नजरें महाराष्ट्र चुनाव पर टिकी हैं। कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पूर्व सीएम ने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे को लेकर फिलहाल कोई बात शुरू नहीं हुई है। हालांकि, जल्द ही इस पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि लोगों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में एनसीपी (एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस पर विश्वास दिखाया है। शरद पवार ने आगे कहा, श्लेकिन इन तीन पार्टियों की तरह वाम पार्टियां, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) भी गठबंधन का हिस्सा थीं, लेकिन हम उन्हें लोकसभा में सीट नहीं दे सके। इन दलों के हितों की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए उनके साथ (राज्य विधानसभा चुनाव में) आगे बढ़ने का प्रयास किया जाएगा।

राज्य के बजट पर कही ये बात

एकनाथ शिंदे सरकार द्वारा बीते दिन पेश किए गए राज्य के बजट के बारे में पूछे जाने पर एनसीपी (एसपी) प्रमुख ने कहा, श्अगर आप बाजार में खाली जेब लेकर जाते हैं तो क्या होगा? कुछ दिनों की बात है, वास्तविकता जल्द ही देखने को मिलेगी।

# शाह ने कार्यकर्ताओं से लिया संकल्प, कहा-हम रूठेंगे नहीं

**चंडीगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने पंचकूला में आयोजित विस्तारित बैठक में कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने की कोशिश की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पंचकूला की पवित्र भूमि से संकल्प लें कि हम रूठेंगे नहीं, सिर्फ काम करते रहेंगे। कमल के अलावा और कुछ नहीं सोचेंगे। सैनी को दोबारा सीएम बनाएंगे और बिना बैसाखी के पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। इसी लक्ष्य के साथ हमें आगे बढ़ेंगे।



उन्होंने कहा कई बार कुछ लोगों में राजी नाराजगी होती है। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि हमें पार्टी के लिए काम नहीं करना है। अपना किस्सा बताते हुए उन्होंने कहा- मैं भी कार्यकर्ता रहा हूं। मेरी कई बार टिकट कटी। इससे मैं भी उदास हो जाता था। मगर मैं अपनी पार्टी के लिए पूरी तन मन के साथ काम करता था। उन्होंने कार्यकर्ताओं से से कहा- जिस पार्टी ने हम सबको नाम व पद दिया और जिस समय उसको सबसे ज्यादा जरूरत है तो हमें सबकुछ भूलकर उसका साथ देना चाहिए। चुनाव के वक्त नाराजगी होने पर हमें कोई भी माफनहीं करेगा।

जोश भरते हुए उन्होंने हरियाणाा के कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा- हरियाणा की जीत का संदेश पूरा देश में जाएगा। हरियाणा में जीत के कई मायने हैं। हम हरियाणा में जीतते हैं तो भाजपा लगातार तीसरी सरकार बनाएगी। डबल इंजन की सरकार बनेगी। सैनी फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे और हरियाणा की जीत कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और कामख्या से द्वारका तक के कार्यकर्ताओं में विजयी जोश भरने का काम करेगी। इसलिए अब हरियाणा के कार्यकर्ताओं के पास सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वह भाजपा के विजयी रथ को किसी भी कीमत न रोकें। शाह ने जब कार्यकर्ताओं से कहा वह ऊंची आवाज में संकल्प लें कि वह रूठेंगे नहीं, सिर्फ काम करेंगे। इस पर कार्यकर्ताओं की ओर से धीमी आवाज आई। शाह ने टोकते हुए कहा कि मैं बनिया हूं।

## अंतरिक्ष यान में एक घंटे तक लेनी पड़ी शरण

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसियों ने जानकारी दी कि निष्क्रिय रूसी उपग्रह कक्षा में 100 से अधिक टुकड़ों में टूट गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग एक घंटे तक आश्रय लेना पड़ा। रूसी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह आरईएसयूआरएस पी1 के टूटने के कारण के बारे में तत्काल कोई विवरण नहीं था, इसे रूस ने 2022 में मृत घोषित कर दिया है।

मलबे के झुंड पर नजर रख रखे अमेरिकी अंतरिक्ष कमांड ने कहा कि अन्य उपग्रहों के लिए तत्काल कोई खतरा नहीं है स्पेस कमांड ने जानकारी दी कि यह घटना बुधवार को माउंटेन टाइम अनुसार सुबह लगभग 10 बजे हुई। नासा के स्पेस स्टेशन कार्यालय ने बताया कि यह घटना स्पेस स्टेशन के पास की कक्षा में हुई।

# लोगों की आलोचनाओं के निशाने पर हैं बाइडन

**अमेरिका।** गुरुवार को अमेरिका के अटलांटा में राष्ट्रपति चुनाव के लिए डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच पहली बहस हुई। इस बहस में डोनाल्ड ट्रंप भारी पड़े और जो बाइडन बोलते हुए लड़खड़ाते नजर आए। जिसके बाद बाइडन की बढ़ती उम्र को लेकर चिंताएं फिर से उभर आई हैं और बाइडन के कई आलोचक उनकी उम्मीदवारी पर सवाल उठा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी माना है कि बाइडन के लिए यह एक बुरी बहस वाली रात थी।



हालांकि उन्होंने राष्ट्रपति बाइडन में अभी भी अपना भरोसा जताया और कहा कि नवंबर में बहुत कुछ दांव पर है। बहस के बाद सोशल मीडिया पर जो बाइडन को लेकर काफी मीम्स प्रसारित होने शुरू हो गए। साथ ही ये भी आशंका जताई जाने लगी कि क्या नवंबर के चुनाव में बाइडन, ट्रंप को रोक पाएंगे। इन आशंकाओं और आलोचनाओं के बीच पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, बाइडन के बचाव में उतरे हैं।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में ओबामा ने लिखा कि बहस की बुरी रात होती हैं, लेकिन मेरा विश्वास कीजिए, मैं जानता हूं कि ये चुनाव अभी भी उन लोगों के बीच है, जिनमें से एक अपने पूरे जीवन में आम लोगों के लिए लड़ता आया है और दूसरे ने हमेशा अपनी फिक्र की है। एक सच बोलता है और जिसे पता है कि सही क्या है। वहीं दूसरा अपने फायदे के लिए झूठ बोलता है। बीती रात से भी कुछ नहीं बदला है और यही वजह है कि नवंबर के चुनाव में बहुत कुछ दांव पर है। अटलांटा की बहस में ट्रंप के सामने कमजोर साबित होने के बाद बाइडन को भी इसका अहसास था।

यही वजह है कि बहस के बाद बाइडन ने नॉर्थ कैरोलिना में एक जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में बाइडन जोश में दिखे और उन्होंने अपने संबोधन के दौरान स्वीकार किया कि श्वे भी मानते हैं कि अब वे जवान नहीं रहे हैं। पहले की तरह आसानी से चल नहीं पाते और आसानी से बातें नहीं कर पाते। हो सकता है कि पहले की तरह बहस भी न कर पाते हों, लेकिन मुझे पता है कि सच कैसे बताया जाता है।

# क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ने कराई प्लास्टिक सर्जरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले गुरुवार को डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच हुई बहस की पूरी दुनिया में सुर्खियां बनी, लेकिन सोशल मीडिया पर एक अजीब वजह के चलते इस बहस की चर्चा हो रही है।



दरअसल सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि इस बहस के दौरान जो बाइडन थोड़े बदले हुए नजर आए और कयास लग रहे हैं कि शायद जो बाइडन ने अपने चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी कराई है। बहस के दौरान जो बाइडन के चेहरे के हाव-भाव थोड़े अलग रहे, जिसकी सोशल मीडिया पर चर्चा है। कुछ यूजर्स ने दावा किया है कि बाइडन ने अपने चेहरे के हावभाव में बदलाव के लिए प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लिया है। कुछ यूजर्स ने कहा कि बहस के दौरान बाइडन का चेहरा स्थिर रहा और कुछ असामान्य सा लग रहा था। कुछ यूजर्स ने तो यहां तक दावा किया कि बहस के दौरान जो व्यक्ति टीवी स्क्रीन पर दिखा, वह असल में बाइडन था ही नहीं। गौरतलब है कि न सिर्फआम आदमी बल्कि अमेरिका में कुछ डॉक्टरों ने भी इस बात की आशंका जताई है कि बाइडन ने हो सकता है कि प्लास्टिक सर्जरी कराई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ कॉस्मेटिक विशेषज्ञों ने दावा किया है कि बाइडन की प्लास्टिक सर्जरी की अनुमानित लागत करीब 40 हजार डॉलर से लेकर ढाई लाख डॉलर तक हो सकती है। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। गुरुवार को हुई बहस में बाइडन की भले ही चर्चा हो रही है।

## छापेमारी में मोबाइल-लैपटॉप हुए बरामद

**कोलंबो।** श्रीलंका के आपराधिक जांच विभाग ने वित्तीय घोटालों में शामिल एक समूह के कम से कम 60 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया। इस सभी को गुरुवार को मदीवेला, बट्टारामुल्ला और नेगोंबो से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के प्रवक्ता एसएसपी निहाल थल्दुवा ने बताया कि सीआईडी ने बताए गए इलाकों में छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने 135 मोबाइल फोन और 57 लैपटॉप बरामद किए। यह कार्रवाई एक पीड़ित की तरफसे शिकायत दर्ज करने के बाद की गई। इसमें स्थानीय और विदेशी नागरिक शामिल हैं।

# आज से वन महोत्सव का आयोजन कराएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** योगी सरकार पहली जुलाई से वन महोत्सव का आयोजन कराएगी। यह महोत्सव सात जुलाई तक चलेगा। इस दौरान एक तरफविरासत वृक्षों के संरक्षण पर सरकार का जोर रहेगा तो वहीं दूसरी तरफपौधरोपण से संबंधित जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक समेत अनेक प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्कूली बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीते दिनों पड़ी बेतहाशा गर्मी को देखते हुए योगी सरकार का पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन पर भी पुनः विशेष जोर है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि एक या दो फलदार पौधे अवश्य लगाकर उनका संरक्षण करें।



प्रदेश में जुलाई के प्रथम सप्ताह में होने वाले वन महोत्सव के अंतर्गत जन जागरूकता के कार्यक्रम होंगे। इसके तहत प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता व संगोष्ठी आदि का भी आयोजन स्कूली स्तर पर होंगे। साथ ही अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षावरण व पौधरोपण के महत्व, वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण, स्वच्छता-प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने आदि पर जोर रहेगा। वन महोत्सव के दौरान विरासत वृक्ष वाटिका के लिए प्रचार-प्रसार पर भी विभाग का जोर रहेगा। इसके साथ ही वेटलैंड्स के कैचमेंट में पौधरोपण, नदियों के संरक्षण व पुनरुद्धार के लिये नदी किनारे पौधरोपण, शहरी क्षेत्रों में भी पौधरोपण किया जाएगा।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941